देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 286 । भोपाल, रविवार 15 अक्टूबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

कैदी हमीदिया अस्पताल से हथकड़ी खोलकर भागा पृष्ठ 3
- गांधीजी की शॉल
- महमूद दरवेश की दो कविताएं पृष्ठ 4
- जिसके लिए किया था प्रदर्शन, उस सड़क की गुणवत्ता पर कांग्रेस की नपा का ध्यान नहीं पृष्ठ 6

सख्ती के साथ कराएं आदर्श आचार संहिता का पालन पृष्ठ 8

विश्व कप : भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से दी शिकस्त

- रोहित-अय्यर का अर्धशतक
- बुमराह बने मैन ऑफ द मैच

अहमदाबाद, एजेंसी। भारत ने विश्व कप के 12वें मैच में पाकिस्तान को सात विकेट से शिकस्त दी। भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत हासिल की है। उसने ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के खिलाफ अब अपने चिर प्रतिद्वंद्वी को भी हरा दिया। उसके तीन मैचों में अब छह अंक हो गए हैं। टीम इंडिया का अगला मुकाबला 19 अक्तूबर को बांग्लादेश से पुणे में होगा। वहीं, पाकिस्तान की टीम 20 तारीख को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बंगलूरू में खेलेगी।

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पाकिस्तान की टीम 42.5 ओवर में 191 रन पर सिमट गई। जवाब में भारत ने 30.3 ओवर में तीन विकेट पर 192 रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया। टीम इंडिया ने विश्व कप इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ अपने जीत का क्रम जारी रखा। उसकी यह आठवीं जीत है। अब तब भारत उसके खिलाफ इस टूर्नामेंट में नहीं हारा है। कप्तान रोहित शर्मा ने 86 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, जसप्रीत बुमराह ने सात ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले पाकिस्तान के लिए कप्तान बाबर आजम ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। पिछले मैच में शतक लगाने वाले मोहम्मद रिजवान इस बार अर्धशतक से चूक गए। वह 49 रन पर पवेलियन लौट गए। इमाम उल हक ने 36, अब्दुल्ला शफीक ने 20 और हसन अली ने 12 रन बनाए। इनके अलावा छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सके। सऊद शकील छह, मोहम्मद नवाज चार, इफ्तिखार अहमद चार, शादाख खान दो और हारिस रऊफ दो रन बनाकर आउट हो गए। टीम इंडिया के लिए पांच गेंदबाजों ने दो–दो विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, हार्दिक पांड्या, कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा ने दो–दो विकेट लिए। गेंदबाजी करने वालों में सिर्फ शार्दुल ठाकुर ही ऐसे रहे जिन्हें एक भी सफलता नहीं मिली। बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मोदी और शिवराज ने दी बधाई

भारत बनाम पाकिस्तान मैच में भारत की शानदार जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बधाई दी है। श्री मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को शानदान बताते हुए सभी खिलाड़ियों को अगले मैचों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी है। केन्द्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी भारतीय टीम को बधाई दी है।

भारत और श्रीलंका के बीच नौका सेवा शुरू

- नागापट्टिनम व कांकेसंतुराई के बीच शुरू की गई यह सेवा
- 110 किमी की दूरी करीब साढ़े तीन घंटे में तय करेगी

चेन्नई, एजेंसी। भारत एवं श्रीलंका के बीच तमिलनाडु के नागपट्टिनम से श्रीलंका के उत्तरी प्रांत जाफना के पास कांकेसंथुराई तक यात्री नौका सेवा शनिवार से प्रारंभ हो गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इस सेवा की शुरुआत की। नौका तमिलनाडु के नागापट्टिनम बंदरगाह से द्वीप राष्ट्र श्रीलंका में कांकेसंथुरई के लिए रवाना हुई। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका संस्कृति, वाणिज्य और सभ्यता का गहरा इतिहास साझा करते हैं और अब दोनों में आर्थिक साझेदारी भी बढ़ेगी। नौका सेवा नागापट्टिनम और कांकेसंतुराई के बीच शुरू की गई है। इसमें 150 लोग बैठ सकेंगे।

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसे अच्छी शुरुआत बताया। साथ ही कहा कि हमारा फोकस कनेक्टिविटी, कोऑपरेशन और कॉन्टैक्ट्स पर है। यह हमारी पड़ोसी फर्स्ट पॉलिसी का हिस्सा है। भविष्य में हमारा ग्रिड कनेक्शन, पाइपलाइंस और इकोनॉमिक कॉरिडोर का भी प्लान है। फेरी का शुरू होना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंकाई पीएम रानिल विक्रमसिंघे की सकारात्मक कोशिशों का ही परिणाम है। इसी साल जुलाई में ही दोनों देशों के नेताओं ने इस पर सहमति जता दी थी।

ऑपरेशन अजय : इजराइल से 235 भारतीयों को लेकर आई दूसरी उड़ान

2 दिनों में 447 भारतीयों को वापस लाया गया

नई दिल्ली, एजेंसी। इजरायल के तेल अवीव से ऑपरेशन अजय के तहत 235 भारतीय नागरिकों को लेकर दूसरी चार्टर उड़ान शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंची। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि 'ऑपरेशन अजय' के तहत दो दिनों में 447 भारतीयों को भारत वापस लाया गया है।

तेल अवीव से दूसरी उडान 235 नागरिकों को लेकर कल रात रवाना हुई थी। केंद्रीय मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने आज सुबह हवाईअड्डे से बाहर निकल रहे सभी 235 भारतीय नागरिकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इजराइल में काम करने वाले इन 235 यात्रियों ने भारत सरकार की पहल की भूरी–भूरी सराहना की। इससे पहले शुक्रवार को 212 यात्रियों के साथ पहली उड़ान दिल्ली पहुंची थी। सभी यात्रियों ने भारत सरकार का आभार व्यक्त किया और 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए।

इजराइल में रह रहे 18 हजार भारतीय

इजराइल में भारतीय राजदूत संजीव सिंगला ने भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी का आश्वासन दिया। इजरायल में फंसे करीब 18,000 भारतीयों को वापस लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन अजय' में दूतावास की सहायता और नागरिकों के लिए एक हेल्पलाइन स्थापित की गई है।

इजराइल पर हमले का कमांडर मारा गया

तेल अवीव, एजेंसी। इजराइल और हमास की जंग के आठवें दिन इजराइली सेना ने बताया है कि उन्होंने 7 अक्टूबर को इजराइल पर हुए हमले को लीड करने वाले कमांडर अली कादी को मार गिराया है। अली कादी को मारने का काम इजराइल की इंटरनल इटेलिजेंस एजेंसी शिन बेत ने किया है। आज सेना के हमले में मारा जाने वाला ये हमास का दूसरा कमांडर है। इसके पहले हमास का एयरफोर्स कमांडर मार गया था।

24 घंटे में 320 लोगों की मौत

वहीं, इजराइल ने रात भर गाजा पर बम बरसाए। इससे वहां 24 घंटे में 320 लोगों की मौत हुई है। इजराइल ने गाजा की तरफ वाटर और इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई को रोक दिया था। इससे वहां पानी खत्म होने की कगार पर है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इससे 20 लाख लोगों की जिंदगी दांव पर लगी है।

इजराइल की सेना ने गाजा सिटी में रेड की थी। ये रेड उन इलाकों में की गई थी, जहां हमास ने इजराइल के 150 बंधकों को रखा था। वहां इजराइली सैनिकों को कई लाशें और कुछ सामान मिला है। जो हमास के बंधकों और उन लोगों का बताया गया है जो 7 अक्टूबर को हुए हमले के बाद से लापता थे।

मुख्यमंत्री ने कहा- बहनें रहें सावधान

कांग्रेस की नीयत लाड़ली बहना योजना बंद करने की

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस ने जिस प्रकार पहले भाजपा सरकार की जनकल्याण योजनाओं को बंद कर दिया था, उसी तरह अब इनकी नीयत लाड़ली बहना योजना को बंद करने की है बहनों को बहुत सावधान रहने की आवश्यकता है।

श्री चौहान ने आज कहा कि कांग्रेस अब लाड़ली बहना योजना बंद करने की तैयारी कर रही है, कांग्रेस के लोग ट्वीट कर रहे हैं कि मामा चुपके से पैसा डालेगा। उन्होंने कहा कि ये एक चलती हुई योजना है, जिसे बंद नहीं किया जा सकता। ये योजना नहीं, एक करोड़ 32 लाख बहनों का भाग्य है। भाजपा सरकार उसके पैसे डालेगी, तो कांग्रेस को तकलीफ क्यों हो रही है। उन्होंने कहा कि ये बात सही है कि चुनाव में कोई कार्यक्रम करके महिलाओं के खाते में पैसे नहीं डाल सकते, पर पैसे तो डाले जाएंगे। कांग्रेस की नीयत साफ हो गई है, जैसे उन्होंने अपनी सरकार आते ही कन्याओं के विवाह बंद कर दिए, संबल योजना बंद कर दी, गरीब आदिवासी महिलाओं के खाते में जाने वाले पैसे बंद कर दिए, वैसे ही कांग्रेस अब लाड़ली बहना योजना बंद करने की तैयारी कर रही है।

भाजपा आदिवासियों को सम्मान और सामान दोनों देगी

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के पांव में चप्पल पहना रही है तो कांग्रेस के सीने में तकलीफ हो रही है। इसलिए उन्होंने प्रदेश में सरकार में आते ही आदिवासियों को जूते, चप्पल, पानी की कुप्पी और साड़ी देना भी बंद कर दिया था। श्री चौहान ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को लेकर कहा कि ये दोनों सुन लें, भाजपा आदिवासियों को सम्मान और सामान दोनों देगी, क्योंकि भाजपा के दिल में तेंदूपत्ता तोड़ने वालों के लिए जगह है। श्री चौहान ने आज वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों को अपमानित करने का काम किया है। भाजपा ने आदिवासी जननायकों टंट्या मामा, भीमा नायक, रानी दुर्गावती, बिरसा मुंडा जैसे जननायकों का स्मरण करते हुए स्मारक बनवाए, लेकिन कांग्रेस ने केवल एक खानदान के स्मारक बनाए।

कमलनाथ बोले-

भाजपा को विपक्ष में बैठा कर कांग्रेस को मौका देगी जनता

भोपाल, देशबन्धु। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में लोकतंत्र के महायज्ञ में सबको जनता की कसौटी पर खरा उतरना है और जनता अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विपक्ष में बैठा कर कांग्रेस को काम करने का मौका देने वाली है। कमलनाथ ने एक्स पर पोस्ट पर मुख्यमंत्री से कहा कि जनता के बीच जाने के बजाय आप चोरी–चोरी, चुपके–चुपके का खेल खेल रहे हैं। जिन योजनाओं को आपने कभी चालू ही नहीं किया, उन्हें बंद करने की क्या बात करना। उन्होंने दावा किया कि डेढ़ महीने बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी जो नारी सम्मान योजना लेकर आ रही है, जिसके अंतर्गत महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह और 500 रुपए में गैस सिलेंडर मिलना है। 100 यूनिट तक बिजली माफ और 200 यूनिट तक बिजली आधी कीमत पर मिलनी है। बच्चों की पढ़ाई फ्री होनी है। सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलनी है। किसानों का कर्ज माफ होना है।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का दावा

कोराना की दूसरी लहर में हुईं 12 गुना ज्यादा मौतें

- 61.1 फीसदी मृतक पुरानी बीमारी से थे ग्रसित
- दूसरी लहर में भर्ती 20.3 फीसदी मरीजों की मौत
- पहली लहर के दौरान 2.4 फीसदी मरीजों की मौत

नई दिल्ली, देशबन्धु। कोरोना की दूसरी लही कितनी मारक थी इसको लेकर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने चौंकाने वाली जानकारी दी है। संस्थान के चिकित्सकों के एक अध्ययन में दावा किया गया है कि कोराना की दूसरी लहर इसकी पहली लहर की तुलना में कहीं ज्यादा घातक थी और इस दौरान 12 गुना ज्यादा मौतें हुई थीं। अध्ययन में कहा गया है कि कोराना की दूसरी लहर में 61.1 फीसदी मृतकों को कोई पुरानी बीमारी थी। मतलब बडी संख्या में ऐसे लोगों की भी जान गई जिन्हें कोई बीमारी नहीं थी।

हाल ही में क्यूरियस जर्नल ऑफ मेडिसिन में छपे इस अध्ययन में बताया गया कि कोरोना के दौरान एम्स ने राष्टीय कैंसर संस्थान को कोविड अस्पताल बनाया था और कोरोना की पहली लहर मार्च 2020 से दिसम्बर 2020 के बीच इस अस्पताल में 6233 और अप्रैल 2021 से जून 2021 के बीच 2080 मरीज भर्ती हुए थे। पहली लहर के दौरान 2.4 फीसदी मरीजों की मौत हुई। जबकि दूसरी लहर के दौरान 20.3 फीसदी मरीजों की मौत हुई। पहली लहर में कोरोना तकरीबन डेढ़ फीसदी मरीजों की मौत का कारण बना था। जबकि दूसरी लहर में सह 17.7 फीसदी मरीजों की मौत का कारण बना। अध्ययन में दावा किया गया है कि कोराना की पहली लहर में 90.4 फीसदी मृतकों को कोरोना के अलावा दूसरी गंभीर बीमारी भी थी। लेकिन दूसरी लहर में 61.1 फीसदी मृतकों को ही अन्य गंभीर भी बीमारी भी थी। यानि बडी संख्या में ऐसे लोगों की भी मौत जिन्हें पहले कोई बीमारी नहीं थी।

42.8 फीसदी को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ी

इसके अलावा कोरोना की पहली लहर में महज 9.6 फीसदी मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत पडी थी। जबकि दूसरी लहर के दौरान 42.8 फीसदी मरीजों को ऑक्सीजन की जरूरत पडी। यानि दूसरी लहर में तकरीबन साढे गुना ज्यादा मरीजो को ऑक्सीजन की जरूरत पडी।

सार समाचार

सट्टा पर्ची काटते हुए एक गिरफ्तार

गुना, देशबन्धु। म्याना पुलिस द्वारा भदौरा में सट्टा काट रहे एक सटोरिए को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखविर से सूचना मिली कि ग्राम भदौरा का ओमप्रकाश शाक्य ग्राम भदौरा का ओवर ब्रिज के पास ग्राम भदौरा पर एक व्यक्ति 1 रुपये के बदले 80 रुपये देने का प्रलोभन देकर सट्टा पर्ची काट रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सट्टे की पर्ची काटते हुए आरोपी को धरदबोचा। पुलिस ने उसके पास से 2 सट्टा पर्ची, एक लीट तथा 230 रुपये नगदी बरामद कर ध्रुत क्रीड़ा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

एटीएम से निकला नकली नोट!

गुना, देशबन्धु। शहर के एक एटीएम से नकली नोट निकलने का मामला सामने आया है। मामला शहर के गौशाला के सामने वाले एटीएम का है। यहां महावीरपुरा निवासी जगदीश राठौर द्वारा पैसे निकालने गए थे। जब राठौर ने एटीएम के माध्यम से 2000 निकले तो 9 नोट दो-दो सौ के और दो नोट 100-100 रुपए के निकले। जिसमें 100 का नोट नकली था। जब यह नोट राठौर के हाथ आया हाथ में लेने के बाद ही पता लग गया की यह नकली नोट है। एटीएम के आसपास वालों को नोट दिखाया। उक्त एटीएम बैंक आफ इंडिया का है। इस संबंध में फरियादी ने शाखा में संपर्क किया तो यहां जिम्मेदार बोले कि हम कुछ नहीं कर सकते। बहसबाजी बड़ी तो बैंक अधिकारियों ने उल्टे ग्राहक पर ही एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दे डाली।

पुलिस ने 3 लाख से ज्यादा की स्मैक के साथ 2 तस्कर दबोचे

गुना, देशबन्धु। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान दो नशा तस्कर दबोचे हैं। जिनके पास से पुलिस ने 3.30 लाख की ग्राम स्मैक सहित तस्करी में प्रयुक्त बाईक जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रातकोतवाली से पुलिस की एक टीम द्वारा बूढ़े बालाजी क्षेत्र में हरिपुर रोड स्थित पावर हाउस के पास वाहन चैकिंग की जा रही थी । चैकिंग के दौरान पुलिस को बायपास तरफ से एक बाईक पर दो व्यक्ति आते दिखे, जो पुलिस की चैकिंग देखकर अपनी बाईक के एकदम से ब्रेक लगाकर बाईक को वापस मोडक़र भागने लगे। जिन्हें पुलिस फोर्स द्वारा जिनका पीछा व घेराबंदी कर धरदबोचा। जिन्होंने पूछताछ पर अपने नाम राहुल पुत्र रामनिवास मीना निवासी ग्राम गीतानगर कुम्भराज एवं जितेन्द्र पुत्र गंगाविशन मीना निवासी ग्राम कैकडय़ाकला थाना कुंभराज के होना बताये। जिनकी तलाशी लेने पर 30.66 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी कीमती 330 लाख रूपये बताई जाती है। पुलिस ने आरोपयिों को गिरफ्तार धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस ने ट्रक को किया जप्त

मोटरसाईकिल सवारों को ट्रक ने रौंदा, 2 की हालत गंभीर

गुना, देशबन्धु। आरोन थानांतर्गत आमखेड़ा चौराहे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाईकिल पर जा रहे 2 युवकों को रौंद दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी धर्मेन्द्र यादव निवासी ग्राम बियानी थाना कचनार जिला अशोकनगर ने बताया कि वह साथी शाबू खान, सुनील यादव एवं जाहिद खान दो-दो अलग मोटर सायकिलों से रामपुर से अपने गांव जा रहे थे। हमारे आगे सुनील और जहीद खाँ अपनी मोटरसाइकिल से चलकर घर जा रहे थे। तभी आमखेड़ा राय चौराहे पर पनबाडीहाट तरफ से एक ट्रक क्र.एनएन 01- डीए-0054 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर सुनील की मोटरसाईकिल में टक्कर मार दी। जिसमें सुनील एवं जहीद खान गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलैंस से अशोकनगर इलाज हेतु भेज गया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को जप्त किया है। वहीं ट्रक चालक वीरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र अरुण सिंह निवासी सुर्जनपुर जिला लखीमपुर खीरी के खिलाफ पुलिस ने धारा 279,337 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

मोटरसाईकिल चालक को कार ने मारी टक्कर : इधर जामनेर थानांगर्त धीनाखेड़ी के निकट एक बाईक सामन को सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी शिवराज अहिरवार निवासी ग्राम जांगरू ने बताया कि वह अपनी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08-8973 से जा रहे थे। तभी धीनाखेडी से आगे मक्सूदनगढ़ तरफ से आ रही एक सफेद रंग की कार के चालक ने तेज गति व लापरवाही से कार को चलाकर टक्कर मार दी। जिसमें शिवराज की आंख के ऊपर, दाहिनी कोहनी, वाये पैर के टकने तथा दाहिने तरफ कमर में चोट आई है। घटना के बाद कार चालक फरार हो गया। जिसके चलते वह कार का नंबर नहीं देख पाया।

चुनाव में हम निष्पक्षता के साथ पूरी सतर्कता बरतेंगे : खत्री

▸ पत्रकारवार्ता में रूबरू हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

गुना, देशबन्धु। नवागत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार खत्री ने शनिवार को पत्रकारवार्ता बुलाकर पत्रकारों से रूबरू हुए। यहां उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने की बात कही। पत्रकारवार्ता में एसपी श्री खत्री के अनुसार कहा कि इस बार के चुनावों में कांटे की लड़ाई है। जिसके चलते हम पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। फिर भी पुलिस जो कार्रवाई करती है उसमें एक पक्ष समर्थन तो दूसरा पक्ष विरोध करता है। हम कितनी भी निष्पक्षता से कार्रवाई करें, लेकिन पुलिस के ऊपर कार्रवाई के दौरान भेदभाव के आरोप तो हमेशा लगते ही रहते हैं। लेकिन पुलिस की पूरी कोशिश करती है कि वह निष्पक्षता से कार्रवाई करे। चुनाव के दौरान कहीं से कोई हमें सूचना मिलती है कि मतदाताओं को प्रभावित कर रहा है तो हम सख्ती से निष्पक्ष कार्रवाई करेंगे। आचार संहिता में चालानी कार्रवाई में टारगेट के सवाल पर एसपी श्री खत्री ने कहा कि मैं इन चीजों पर विश्वास नहीं रखता। लेकिन हमारी अपील है कि चार पहिया वाहनों पर हूटर या अन्य सामग्री लगी है तो लोग स्वयं उन्हें हटा लेंगे। अन्यथा पुलिस अपनी कार्रवाई करेगी। पत्रकार वार्ता में एसपी श्री खत्री ने शहर में जल्द प्रशासन से मिलकर यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने की बात कही। उन्होंने ऑटो चालकों द्वारा किराये पर मनमानी पर भी कार्रवाई करने की बात कही। जिला के दूरदराज से आए दिन शिकायत लेकर आने वाले लोगों की थाना स्तर पर सुनवाई नहीं होने के सवाल पर एसपी श्री खत्री ने कहा कि फरियादी को सबसे पहले थाने पर ही जाना चाहिए। मेरा प्रयास होगा कि फरियादी की थाने पर ही सुनवाई हो जाए।

म्याना और राघौगढ़ पुलिस ने दबोचे स्थाई वारंटी

गुना, देशबन्धु। जिले की म्याना थाना पुलिस द्वारा चेक बाउंस के मामले में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय गुना के प्रकरण क्रमांक 662/17 धारा 138 एनआई एक्ट में आरोपी पठान सिंह पुत्र आजमा बारेला निवासी ग्राम महोदरा, थाना म्याना के न्यायालयीन प्रक्रिया से लंबे समय से फरार रहने पर जिसकी गिरफ्तारी हेतु न्यायालय गुना से स्थाई वारंट जारी होकर तामीली हेतु म्याना थाने पर प्राप्त हुआ था। पुलिस द्वारा गत दिवस मुखबिर से सूचना मिलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

इधर राघौगढ़ थाना पुलिस द्वारा भी बिजली चोरी के मामले में कोर्ट कार्यवाही से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। मामले के अनुसार वर्ष 2019 में विद्युत मंडल गुना की टीम द्वारा राघौगढ थाना क्षेत्र के ग्राम सुंदरखेडी निवासी दीवान सिंह पुत्र किशनलाल धाकड़ के विरूद्ध बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज कर प्रकरण न्यायालय भेजा गया था। उक्त प्रकरण में आरोपी के न्यायालयीन प्रकिया से लंबे समय से फरार रहने पर विशेष न्यायालय (विद्युत अधिनियम) गुना द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु स्थाई वारंट जारी किया गया था। जो तामीली हेतु राघौगढ थाने पर प्राप्त हुआ था। पुलिस द्वारा विगत दिवस मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

अवैध शराब मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार : इधर जिले की मृगवास थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 जुलाई 23 को ग्राम मसूरीखो में अवैध शराब की सूचना पर मृगवास थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई थी।

इस दौरान मोटर साइकिल पर हाथभट्टी की बनी कुल 60 लीटर अवैध शराब से भरी दो केनों के साथ खडा आरोपी रंगलाल बंजारा बाईक व शराब से भरी केनों को छोडकर मौके से भाग निकला था। जिसके विरुद्ध मृगवास थाने में अप.क्र. 184/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। उक्त प्रकरण में फरार आरोपी की पुलिस द्वारा लगातार तलाश की गई। जिसे गत दिवस मुखबिर की सूचना पर धरदबोचा। जिसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

उत्तरप्रदेश से आए सांसद ने ली चारों विधानसभाओं की बैठक, कहा

कार्यकर्ताओं की मेहनत से जिले की चारों विधानसभा जीतेंगे

गुना, देशबन्धु। भाजपा गुना की चारों विधानसभाओं के चुनाव प्रबंधन की दृष्टि से उत्तरप्रदेश बस्ती से सांसद एवं ग्वालियर संभाग चुनाव प्रभारी हरीश दुबे का एक दिवसीय जिले का दौरा कार्यक्रम रहा। इस दौरान श्री दुबे ने जिले की चारों विधानसभाओं के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में श्री दुबे ने संगठन विस्तार को लेकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। साथ ही बैठक में श्री दुबे ने संगठन द्वारा दिए बूथ पर 15 करणीय कार्यों के विषय पर विस्तृत चर्चा कर दिशा निर्देश दिए और कार्य का विभाजन किया।

भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि मप्र में होने वाले आगामी चुनाव को देखते हुए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त उप्र बस्ती सांसद एवं ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी श्री दुबे ने गुना जिले की चांचौड़ा, राघौगढ़, बमोरी और गुना विधानसभा के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक ली। जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं को चारों विधानसभा जितने का मंत्र दिया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए श्री दुबे ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी ही। जिसमें मध्यप्रदेश का संगठन देश में सर्वोपरि माना जाता है। अन्य प्रदेशों में भी मध्यप्रदेश के कार्यकर्ताओं का उदाहरण दिया जाता है। मुझे गर्व हे में आपके जिले में आया और आपसे मिलने का मोका मिला मुझे पूर्ण विश्वास हे की आपकी। मेहनत और परिश्रम से हम गुना जिले की चारो विधानसभा जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ और मजबूत कर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने में सहभागी बनेंगे। चारों विधानसभाओं के मंडल बार अलग अलग बैठक में स्वागत भाषण भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने दिया बैठक में जिला संगठन प्रभारी गोपाल आचार्य ने कहा कि चारों विधानसभा में वरिष्ठ नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय विठाकर हर बूथ पर भाजपा के पक्ष में 51 प्रतिशत से अधिक मतदान कराएंगे तो हम चारों विधानसभा जीतेंगे।

आगामी त्यौहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

आष्टा, देशबन्धु। आगामी त्यौहारों को लेकर नवरात्रि, दशहरा को लेकर पार्वति थाना मे एक मीटिंग आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी के जी शुक्ला ने की। थाना प्रभारी ने सभी के परिचय प्राप्त करते हुए मीटिंग का शुभारंभ किया। अलीपुर क्षेत्र मे तीन जगह माता रानी की स्थापना होगी। जिसमें मुख्य रूप से इंदौर नाका जनपद पंचायत के पास और रेस्ट हाउस के सामने तीनों के अध्यक्ष एवं दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष माता मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों ने अपनी बात रखी। जिसको थाना प्रभारी ने गंभीरता से लिया और सभी को आश्वासन दिया कि नवरात्रि एवं दशहरा भाईचारा व परंपरागत रूप से मनाया जाएगा। पुलिस की व्यवस्था की जाएगी। वहीं सभी की मांगों पर यह निर्णय लिया कि दशहरा के दिन शाम के समय अलीपुर मे बड़े वाहन प्रवेश नहीं करेंगे।

इस अवसर पर माता मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष रमेश परमार दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सतीश सिंगन,हिंदु उत्सव समिति के अध्यक्ष पूरणमल नायर,नागा माता मदिर के अध्यक्ष अर्जुन ठाकुर जनपद पंचायत माता मंदिर अध्यक्ष गोविंद भट्ट रेस्ट हाउस के सामने माता मदिर के अध्यक्ष अनिल पांचाल , घनश्याम जांगड़ा,राजेंद्र जैन, मसूंरी समाज के जिलाध्यक्ष जहूर मंसूरी,कांग्रेस नेता सनव्वर खान, फैजुद्दीन, फौजी टेलर, पप्पू टेलर कांग्रेस प्रवक्ता इसराईल मंसूरी, सुशील शर्मा, शैलेष शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

आष्टा, देशबन्धु। जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में श्रीमती वंदना त्रिपाठी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, द्वारा बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन शा.कन्या उ.मा. शाला, में किया गया। जिसमें श्रीमती त्रिपाठी ने बताया कि कई बार शिक्षा के अभाव के कारण माता-पिता बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक नहीं हो पाते हैं और अपने बच्चों का विवाह कम उम्र में ही कर देते हैं। छोटी उम्र और शिक्षा के अभाव के कारण ही बाल विवाह के शिकार बच्चे भी इसका विरोध करने की स्थिति में नहीं रहते। साथ ही इन्हें बाल विवाह के निरोध के लिए मौजूद नियमों के बारे में जानकारी नहीं रहती। उक्त शिविर में शिक्षकगण में मो. हबीब खान, मनोज कुमार बाकड़े, देवी सिंह मालवीय, प्रीति माथुर एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

6 माह का कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण समारोह आज

आष्टा, देशबन्धु। शहर के विजय श्री कंप्यूटर इंस्टीट्यूट बायपास चौराहा मे आज रविवार को दोपहर 12 बजे कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण एव सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर देवेंद्र परमार ने बताया कि आज हमारी संस्था द्वारा 110 छात्र छात्राओं को 6 माह एवं 3 माह का बेसिक कम्प्यूटर डिप्लोमा प्रदान करेगी और 5 छात्रों को उत्कृष्ट पुरुस्कार देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

आबकारी विभाग ने 97 लीटर देशी-विदेशी अवैध शराब की बरामद

सीहोर, देशबन्धु। आबकारी विभाग द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए अवैध मदिरा के खिलाफ निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी सीएल मधुकर ने जानकारी दी कि गत दिवस वृत्त सीहोर एवं बुधनी में अवैध मदिरा विक्रय करने वालों पर 6 प्रकरण कायम किए गए। उनके खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध मदिरा जप्त की गई। वृत्त बुधनी में नन्दन झा से 28 पाव देशी-अंग्रेजी शराब, ग्राम पीली करार में सन्दीप पचौरी से 23 पाव प्लेन शराब, ग्राम तालपुरा में अज्ञात व्यक्ति से 44 लीटर कच्ची शराब व कच्ची शराब के निर्माण के प्रयोजन से संग्रहित 1260 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया। इसी प्रकार वृत्त सीहोर के ग्राम पचामा में राजू से 16 पाव अंग्रेजी शराब, ग्राम थुना में मनीष सिंह से 15 पाव अंग्रेजी शराब, इछावर में 38 लीटर कच्ची शराब व कच्ची शराब निर्माण प्रयोजनार्थ संग्रहित 630 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया है। जप्तशुदा सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 8 हजार रुपए है। अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

बमोरी और गुना के कर्मचारियों ने प्रथम चरण में लिया प्रशिक्षण

गुना, देशबन्धु। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के निर्देशानुसार मतदलों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 हेतु मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को प्रथम एवं द्वितीय पाली में विधानसभा बमोरी के कुल 320 एवं गुना के कुल 800 अधिकारी, कर्मचारियों का शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। साथ ही विधानसभा चांचौडा के 400 तथा राघौगढ़ के 552 अधिकारी, कर्मचारियों के लिये प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण जिला स्तरीय प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया। इसी क्रम में पीजी महाविद्यालय गुना में गुना एवं बमोरी के मतदान दलों का प्रशिक्षण आरंभ हुआ। प्रशिक्षण में मतदान दलों को संपूर्ण मतदान प्रक्रिया विस्तार से बताई जा रही है।

प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम राघौगढ़ ने पूछे सवाल : इधर शासकीय पॉलिटेक्निक राघौगढ में विधानसभा क्षेत्र के मास्टर ट्रेनर के माध्यम से मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया का सघन सैद्धांतिक और क्रियात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस दौरान विधानसभा में प्रयुक्त की जाने वाली ईव्हीएम के जोडने् का संचालन करने एवं उनमें उत्पन्न हुई त्रुटियों के निवारण का सघन और सार्थक प्रशिक्षण दिया गया। संस्था की प्राचार्य के.आर. डेहरिया सेक्टर ऑफिसर्स एवं मास्टर ट्रेनर जवाहर लाल द्विवेदी, पीके झा, रामेश्वर मीना, बीएस मीना राघोगढ़ विधानसभा की एसडीएम अंजलि रमेश ने सभी प्रशिक्षण कमरों में जाकर ईव्हीएम के संचालन का प्रशिक्षण का अवलोकन किया। एसडीएम द्वारा प्रशिक्षण के दौरान चुनाव संबंधी सवाल भी पूछे गए।

मतदान के लिए कर रहे प्रेरित

गुना, देशबन्धु। स्वीप कैलेण्डर अनुसार स्वीप गतिविधि जारी हैं। इसी क्रम में आज विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत आयोजित स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत नगर परिषद आरोन द्वारा ऐसे मतदान केंद्रो पर जहां पिछले निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत कम रहा है वहां पर मतदाताओं को अधिक से अधिकतम मतदान हेतु प्रेरित करने मतदान केंद्र क्रमांक 197,198,199 एवं 203 पर मतदाता शपथ दिलाई गयी एवं मानव श्रृंखला की चैन बनाई गई। इस दौरान सीएमओ दिनेश कुमार सोनी द्वारा मतदान शपथ दिलाई एवं अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अपील की। उक्त स्वीप गतिविधि में प्राचार्य, बीएलओ एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

इसी कड़ी में मतदान केंद्र क्रमांक 113 चौधरन मिश्री बाई की धर्मशाला गुना से एक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में 17 नवम्बर को रखे ध्यान, सब करें अवश्य मतदान व सारे काम छोड दो, सबसे पहिले वोट दो नारे लगाए गए। स्वीप के गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव ने समझाया कि आगामी विधानसभा चुनाव में आप सभी को अनिवार्य रूप से मतदान करना है। हमारी पहली प्राथमिकता यह होनी चाहिये कि हम पहिले मतदान करें। प्रजातंत्र का यही सच्चा सम्मान है। साथ ही हम अन्य जनों को भी इसके लिये प्रेरित करें। इस अवसर पर आशुतोष श्रीवास्तव नोडल अधिकारी, स्वीप सदस्य अवधेश अवस्थी, अजय श्रीवास्तव, महेंद्र राठौर, संजय सोनी, मो. राशिद फारूकी, बीएलओ जयराज कलावत, जितेंद्र, दीपक, शिवनंदन सहित मतदाता कृष्णा, बाबूलाल, रविंद्र, राजेश, ममता, सोनू, मोहन आदि उपस्थित थे।

जमीन पर दबंगों की नजर, प्रसाद चढ़ाने गए चाचा-भतीजे के साथ की मारपीट

गुना, देशबन्धु। बजरंगगढ़ थानांतर्गत ग्राम करोंद में दबंगों ने चाचा-भतीजे के साथ मारपीट कर खेत पर फसल नहीं काटने दे रहे हैं। गत दिवस खेत पर देवताओं को प्रसाद चढ़ाने पहुंचे चाचा-भतीजे के साथ इन दबंगों ने एकराय होकर लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बारे में फरियादी भोला कुशवाह निवासी नानाखेड़ी ने बताया कि उनकी पैतृक जमीन ग्राम करोंद में है। जिस पर उन्होंने मक्का की फसल बो रही है। उक्त जमीन पर गांव के दबंगों की नजर है, जो इस कब्जा करना चाहते हैं। इस संबंध में उन्होंने कई बार पुलिस और प्रशासन से शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। गत दिवस वह अपने चाचा जसमन कुशवाह के साथ खेत पर देवताओं को प्रसाद चढ़ाने गए थे। तभी आधा दर्जन के करीब आरोपियों ने एकराय होकर उन पर लाठी-डंडे, फर्से से हमला कर दिया।

चांचौड़ा विधानसभा अंतर्गत प्रशिक्षण कक्ष में जाकर किया निरीक्षण

कर्मचारी मतदान प्रक्रिया से संबंधित कार्य निर्भय होकर करें : कलेक्टर

__गुना, देशबन्धु।__ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी द्वारा शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय बीनागंज में विधानसभा चुनाव प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान हो सकने वाली समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निवारण के बारे में बताया एवं चुनाव कार्य प्रशिक्षण में उपस्थित सभी कर्मचारियों को निर्भय होकर मतदान कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम विकास कुमार आनंद, मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर मुकेश गोयल, मनोज भिरोरिया, हरिओम खटीक उपस्थित रहे।

उमरथाना अंतरराज्यीय नाके का किया औचक निरीक्षण : *इस दौरान कलेक्टर श्री राठी द्वारा जिले की सीमा में अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला नाके स्थापित किये गये हैं। जिनमें दल गठित कर निगरानी का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर ने उमरथाना ग्राम में स्थापित अंतरराज्यीय नाका का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने नाके में स्थापित सीसीटीव्ही, आने जाने वाले वाहनों के चेकिंग का रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी चांचौड़ा श्री विकास कुमार आनंद उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह नाका राजस्थान राज्य के झालावाड़ जिले के मनोहर थाना एवं गुना जिले के चांचौड़ा थाना बीच उमरथाना ग्राम में स्थापित किया गया है। जिसका आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया।*

कैदी हमीदिया अस्पताल से हथकड़ी खोलकर भागा

हत्या के मामले में सुनाई जा चुकी है फांसी की सजा

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी की केन्द्रीय जेल से इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया हत्या के मामले में फांसी की सजा पाया हुआ कैदी हथकड़ी खोलकर फरार हो गया। इस मामले में कैदी की सुरक्षा में तैनात दोनों जेल प्रहरियों को लापरवाही बरतने पर निलंबित कर दिया गया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मूलत: राघौगढ़ का रहने वाला रजत सैनी अमलतास गोल्डन माईल कॉलोनी खजूरी सड़क भोपाल का रहने था। उसने अपने दोस्त की हत्या कर दी थी। हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने के लिए दोस्त के शव को जलाने की भी कोशिश की थी। इस पर खजूरी थाने में उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था। इस मामले में अदालत ने उसे फांसी की सजा सुनाई थी। फांसी की सजा की बाद से रजत राजधानी भोपाल की केन्द्रीय जेल में बंद था। 12 अक्टूबर की रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और तत्काल उसे जेल प्रहरियों के साथ हमीदिया अस्पताल लाया गया था। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे भर्ती किया था। अस्पताल में रजत की सुरक्षा में दो जेल प्रहरी अत्यवचन जाट और राज आमले तैनात किए गए थे। लेकिन रजत शनिवार सुबह हथकड़ी खोलकर जेल प्रहरियों को चकमा देकर फरार हो गया। अस्पताल से कैदी के फरार होने से हड़कंप मच गया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने हर तरफ नाकेबंदी कर कैदी की तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चल सका। वहीं कैदी की सुरक्षा में तैनात दोनों जेल प्रहरियों को ड्यूटी पर लापरवाही बरतने के चलते निलंबित कर दिया गया है। रजत पर हत्या के अलावा भी कई और अपराध दर्ज हैं। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

सिपाही से शराब माफिया बना इनामी बदमाश राजस्थान से हुआ गिरफ्तार

- पुलिस पर हमले के मामले में था फरार
- पुलिस ने घोषित किया था 10 हजार रुपए का इनाम

भोपाल, देशबन्धु। अयोध्या नगर इलाके में पुलिस पर डंडे से जानलेवा हमले के मामले में फरार क्राइम ब्रांच के बर्खास्त सिपाही और शराब माफिया इनामी बदमाश क्राइम ब्रांच ने राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में अमित पांडे की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

डीसीपी क्राइम ब्रांच श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने बताया कि अयोध्या नगर इलाके में 22 अगस्त को देर रात शराब दुकान खुली मिलने पर डायल-100 के सिपाही कमल ने ऐतराज जताया था। इस पर दुकान के कर्मचारी अजीत दुबे, सचिन शांडिल्य और अमित पांडेय ने कमल पर डंडे से जानलेवा हमला करते हुए पुलिस वैन में भी तोड़फोड़ कर दी थी। इस मामले में सचिन और अजीत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। उनसे पूछताछ में पता चला था कि हमला शराब दुकान में भागीदार क्राइम ब्रांच का बर्खास्त सिपाही 45 वर्षीय भूपेंद्र सिंह सेंगर के इशारे पर किया गया था। पुलिस के सामने हमले के मास्टरमाइंड के रूप में नाम सामने आने के बाद से भूपेन्द्र सिंह फरार हो गया था। इस पर पुलिस उस पर और अमित पांडेय पर 10-10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित करने के साथ ही उसके हर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। पिछले दिनों भूपेंद्र की लोकेशन राजस्थान में मिली थी। इस आधार पर पुलिस ने अपना जाल बिछाया था। राजस्थान में पुलिस ने दो दिन के अंदर सात कालोनी के लगभग एक हजार मकानों की तलाशी करते हुए अंतत: भूपेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेंद्र चौहान ने बताया कि भूपेंद्र मूलत: ग्राम बडेरा जिला इटावा, तहसील ओरैया उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह पहले क्राइम ब्रांच में सिपाही के पद पर रह चुका है। लेकिन घोर लापरवाही के मामलों में लिप्त पाए जाने पर उसे बर्खास्त कर दिया गया था। उसके बाद वह शराब के धंधे में शामिल हो गया था। वहीं पुलिस में रहने के दौरान उसने संजीव नगर पुलिस कालोनी में मकान बना लिया था। उधर इस मामले में अब अमित पांडे की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।



चुनाव आयोग से सीएमएचओ को हटाने की मांग

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी के एक चिकित्सक डॉ. केबी शर्मा ने मुख्य चुनाव आयोग से भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. प्रभाकर तिवारी को हटाने की मांग की है। डॉ1 शर्मा द्वारा चुनाव आयोग को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि डॉ. तिवारी 8 अप्रैल 2020 को सीएमएचओ के पद पर पदस्थ किया गया था। ऐसे में वे तीन वर्षो से ज्यादा समय से इस पद पर पदस्थ है इस बीच उनके खिलाफ राजनैतिक संरक्षण व भ्रष्टाचार के आरोप भी लगे है और साथ ही उन पर लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू में जांच भी चल रही है। लिहाजा स्वतंत्र चुनाव के लिए डॉ. तिवारी को तत्काल हटवाने के आदेश दें।

प्रशिक्षण संपन्न

भोपाल, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नॉमिनेशन एवं परमिशन पोर्टल का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में नाम-निर्देशन पत्रों के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन भरने संबंधी प्रक्रिया विस्तृत तरह से सभी अधिकारियों को बताया गया। प्रशिक्षण में नाम-निर्देशन पत्रों की प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारियों को क्या सावधानियां रखनी है एवं किन फ़ॉर्मलाइटीज़ का विशेष ध्यान रखना है, को भी विस्तार से बताया गया।

9वीं कक्षा में नामांकन के लिए अब समग्र आइडी जरूरी नहीं

भोपाल, देशबन्धु। *मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने नौवीं कक्षा में विद्यार्थियों के नामांकन में समग्र की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। आनलाइन नामांकन आवेदन में अब टीसी या स्कालर पंजी के आधार पर भरी गई जानकारी के आधार पर भी नामांकन होंगे। इस संबंध में माशिमं ने निर्देश जारी कर दिए है।*

दरअसल माध्यमिक शिक्षा मंडल ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नौवीं कक्षा के नामांकन के लिए समग्र आइडी को अनिवार्य कर दिया था। इसमें आधार कार्ड भी ईकेवायसी करना है, जबकि सरकारी स्कूलों में ग्रामीण क्षेत्र के लाखों विद्यार्थियों के समग्र व आधार कार्ड में गलती है। मंडल ने इसमें सुधार के लिए स्कूल प्राचार्यों को अधिकृत भी किया। इसके बावजूद इसके नियमों के कारण इनमें सुधार हो पाना संभव नहीं हो पा रहा था। ऐसे परेशान कई सरकारी स्कूल के प्राचार्यों ने मंडल सचिव केडी त्रिपाठी को पत्र लिखे। इसके बाद मंडल सचिव ने समग्र की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। अब आनलाइन नामांकन आवेदन में स्कालर रजिस्टर या टीसी के आधार पर भरी गई जानकारी मान्य होगी। स्कालर या टीसी की जानकारी से समग्र आइडी की जानकारी अलग होती है, तो यह डाटा समग्र को भेजा जाएगा। इससे समग्र में सुधार किया जा सकता है। लेकिन मंडल द्वारा स्कालर या टीसी के आधार पर भरी गई जानकारी के आधार पर ही विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म भरवाए जाएंगे। नौवीं के विद्यार्थियों के नामांकन आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक है।

यह रहेगी प्रक्रिया

नौवीं कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थी का नामांकन आवेदन-पत्र भरते समय संबंधित छात्र की समग्र आइडी अंकित करना होगा। विद्यार्थी का एमपी आनलाइन के पोर्टल पर समग्र आइडी अंकित करते ही उसमें दर्ज छात्र- छात्रा की सभी जानकारियां जैसे छात्र का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि आदि प्रदर्शित होगी। प्रदर्शित जानकारी सही होने की स्थिति में सीधे नामांकन आवेदन-पत्र भरे जाएंगे। समग्र आइडी की जानकारी में भिन्नता होने पर संस्था अभिलेख (स्कालर पंजी / टीसी) के अनुसार छात्र की जानकारी में सुधार कर नामांकन आवेदन-पत्र भरे जाएंगे। यदि विद्यार्थी की समग्र आइडी की जानकारी संस्था अभिलेख से भिन्न है, तो भिन्न वाले भाग की जानकारी समग्र डाटाबेस में साझा की जाएगी। लेकिन नामांकन आवेदन पत्र संशोधित जानकारी के आधार पर ही भरे जाएंगे।

मामूली विवाद के बाद 10वीं के छात्र की सरेराह हत्या, 2 सगे भाई घायल



भोपाल, देशबन्धु। बागसेवनिया थाना इलाके के धनवंतरि नगर में शुक्रवार रात रास्ते से निकलने की बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान चार लोगों ने मिलकर दूसरे गुट के तीन लोगों पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। पेट में चाकू लगने से एक किशोर छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। दोनों घायल सगे भाई हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक 10वीं कक्षा का छात्र था। आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

बागसेविनया थाना प्रभारी अमित सोनी ने बताया कि अमराई कालोनी में रहने वाला 22 वर्षीय आदित्य संकट शुक्रवार रात अपने भाई 18 वर्षीय वैभव और दोस्त 17 वर्षीय शुभम के साथ धनवंतरि कालोनी से गुजर रहा था। इस दौरान वहां बैठे अरुण, जम्बू और दो नाबालिग लड़कों ने उन्हें वहां से गुजरने पर ऐतराज जताना शुरू कर दिया। इस मुद्दे पर दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। झगड़े के दौरान अरुण, जम्बू सहित चारों ने चाकू से तीनों पर हमला कर दिया। इस पर शुभम के पेट में, जबकि वैभव की पीठ और चेहरे पर और आदित्य के हाथ और चेहरे पर चोट लगी। सभी को उपचार के लिए एम्स में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान रात करीब एक बजे शुभम की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल वैभव का उपचार चल रहा है, जबकि आदित्य को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने आदित्य की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। बताया गया है कि मृतक शुभम 10 वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता पिता कैलाश रजक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में भृत्य के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

डीजे-बैंड से चुनाव प्रचार करने पर देने होंगे हर दिन 7 हजार रुपए

घोड़े के लिए रोज 21सौ रुपये देने होंगे

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार में उपयोग किए जाने वाले डीजे, बैंड, वाहन, अतिशबाजी की दरें कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने तय कर दी हैं। इन्हीं दरों के हिसाब से अब सातों विधानसभा में प्रत्याशियों को शुल्क अदा करना होगा और साथ ही अपने व्यय लेखा रजिस्टर में भी अंकित करना होगा।

एडीएम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि विधानसभा चुनाव में यदि प्रत्याशियों द्वारा डीजे से प्रचार-प्रसार किया जाता है तो प्रतिदिन सात हजार रुपये देना होंगे। वहीं दो ढोल के हर दिन डेढ़ हजार रुपये, दो हार्न, म्यूजिक मशीन के हर दिन 5 सौ रुपये, डीजे चार टाप दो बेस हर दिन छह हजार रुपये, बैंड पार्टी 12 सदस्यों वाली के सात हजार रुपये, जनरेटर 15 केबीए के हर दिन तीन हजार रुपये देना होंगे। इसके अलावा प्रचार-प्रसार में लेबर शुल्क प्रतिदिन 5 सौ रुपये, तीन पहिया आटो के हर दिन डेढ़ हजार रुपये, ई-रिक्शा के एक हजार रुपये, घोड़ा एवं घोड़ी के 21 सौ रुपये प्रतिदिन के हिसाब से देना होगा।

पटाखों और यात्री बसों की दरें भी तय

एडीएम प्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि प्रचार-प्रसार के दौरान अतिशबाजी में अनार प्रति पैकेट छह नग 3 सौ रुपये देना होंगे। वहीं एक हजार पटाखों की लड़ के प्रति नग 240 रुपये, सौ पटाखों की लड़ के 80 रुपये, सुतली बम प्रति पैकेट छह नग 2 सौ रुपये, 12 शाट पटाखे 165 रुपये प्रति नग और ग्रीन पटाखे प्रतिनग 80 रुपये देना होंगे। 41 से अधिक सीटर वाली बस का चालक को छोड़कर हर दिन चार हजार रुपये, 30 से 40 सीटर का साढ़े तीन हजार रुपये, 21 से 30 सीटर बस का तीन हजार रुपये और 13 से 20 सीटर बस का ढाई हजार रुपये प्रतिदिन किराया बिना पीओएल रुपये में तय किया गया है। वहीं टाटा मैजिक, टैक्सी, मैक्सी कैब के डेढ़ हजार रुपये प्रतिदिन तय किए गए हैं।

अर्पिता जादौन की पेंटिंग का विमोचन



भोपाल, देशबन्धु। अर्पिता जादौन की बनाई हुई पेंटिंग की, कॉफी टेबल बुक आज़ाद हूं मैं का विमोचन किया गया। इस अवसर पर जनजातीय संग्रहालय के निदेशक डॉ.धर्मेंद्र पारे, हमीदिया कॉलेज के,संस्कृत विभाग के सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ.एच.आर.रैदास उपस्थित थे। विमोचन कार्यक्रम में डॉ.पारे ने अर्पिता की पेंटिंग की सराहना की। वहीं डॉ.रैदास ने शीर्षक और रंग संयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि अर्पिता भले ही इस संसार में न हों,पर अपने कलात्मक कौशल की अभिव्यक्ति से कला जगत में अपनी उपस्थिति दर्ज की है। चित्रों को शब्द देने के प्रयास के लिए डॉ.सुषमा जादौन को साधुवाद दिया।

आज से शुरु होगी तापमान में गिरावट

चंबल संभाग में हल्की बारिश का अनुमान

भोपाल, देशबन्धु। *वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर तीन मौसमी सिस्टम सक्रिय हैं। इस वजह से मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने जा रहा है। अरब सागर से आ रही नमी के कारण कहीं-कहीं बादल छाने लगे हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, रविवार से दिन के तापमान में कुछ गिरावट होने लगेगी, जबकि रात का तापमान बढ़ेगा।*

मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एसएन साहू ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से दिन के समय हवा का रुख दक्षिणी एवं रात के समय हवा का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी हो रहा है। इस वजह से पूरे प्रदेश में अधिकतम तापमान बढ़ा हुआ है, लेकिन रात का तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है। हालांकि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। इसके प्रभाव से पाकिस्तान के मध्य में एक प्रेरित चक्रवात बन गया है। वहीं मध्य महाराष्ट्र के आसपास एक प्रति चक्रवात भी बना हुआ है। इसके साथ ही अरब सागर से लगातार नमी आ रही है। इस वजह से बादल छाने लगे हैं। बादलों के कारण रविवार से दिन के तापमान में गिरावट हो सकती है, लेकिन रात के तापमान में कुछ बढ़ोतरी होगी। साथ ही रविवार को ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा भी हो सकती है। इससे गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। उधर शनिवार को प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस दमोह में दर्ज किया गया।

आतिशबाजी कर मनाया भारत की जीत का जश्न

भोपाल, देशबन्धु। क्रिकेट के विश्व कम में शनिवार को भारत-पाकिस्तान के मैच में भारत की ऐतिहासिक जीत पर गुरुनानक मंडल के अध्यक्ष राकेश कुकरेजा के नेतृत्व में भोपाल गेट पर आतिशबाजी कर मिस्ठान वितरण कर जश्न मनाया। इस अवसर पर युवाओं ने टीम के 11 खिलाड़ियों के मुखोटे पहन भारत माता की जय के नारे लगाकर जीत के लिए भोपालवासियों को बधाई शुभकामनाए दी।

मासूमा ने 1 स्वर्ण, 1 रजत , और तैय्यबा ने 1 स्वर्ण पदक जीता

भोपाल, देशबन्धु। शालेय शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित 67वीं एसजीएफआई राज्य स्तरीय रोप स्कीपिंग प्रतियोगिता तात्या टोपे स्टेडियम, भोपाल में समपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में भोपाल संभाग की रोप स्कीपर सयैदा मासूमा फातिमा ने अंडर-19 कन्या आयु वर्ग में टीम फ्री स्टाईल स्पर्धा में स्वर्ण पदक, टीम स्पीड रिले स्पर्धा में रजत पदक जीता। केजीएन स्कूल आफ एक्सीलेंस, की रोप स्कीपर सैय्दा तैय्यबा फातिमा ने अन्डर-17 कन्या आयु वर्ग में टीम फ्री स्टाईल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इस अवसर पर रोप स्कीपर सैयदा मासूमा फातिमा, सैयदा तैय्यबा फातिमा को श्री शैलेश शुक्ला, राष्ट्रीय अध्यक्ष, रोप स्कीपिंग फेशन ऑफइण्डिया ने पदक प्रदान किये। सैय्यदा मासूमा फातिमा, सैय्यदा तैय्यबा फातिमा रोप स्कीपिंग के कोच सुश्री अंकिता शर्मा, सूरज प्रताप सिंह, मोहित ठाकुर के मार्गदर्शन में रोप स्कीपिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

बिजली चोरी की सूचना देने पर मिलेगा पुरस्कार

भोपाल, देशबन्धु। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इनाम योजना घोषित की है। बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर निर्धारित शर्तों के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। सूचना के आधार पर राशि वसूली होने पर सफल सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है। बिजली के अवैध उपयोग, चोरी के संबंध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी मुख्यालय एवं क्षेत्रीय मुख्यालयों के अलावा क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को भी लिखित अथवा दूरभाष पर सूचना दी जा सकती है। सूचनाकर्ता की जानकारी गोपनीय रखने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की रहेगी। कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी को सूचनाकर्ता नहीं माना जाएगा। सूचनाकर्ता को प्रोत्साहन राशि का भुगतान कंपनी मुख्यालय से किया जाएगा। प्रोत्साहन राशि सीधे सूचनाकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी। प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी ढाई प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी।

सांस्कृतिक गरबा महोत्सव 18 से

एक तरफ़ होगी माँ की आराधन तो दूसरी ओर दिखेगी कृष्ण लीलाएँ

भोपाल, देशबन्धु। लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में 18 अक्टूबर को भव्य सांस्कृतिक गरबा गरबोत्सव का आगाज होने जा रहा है। इसमें 50 हज़ार वॉट के साउंड सिस्टम पर प्रतिभागी सहित हजारों लोग गरबा करते हुये माता रानी की आराधना करेंगे।

सिंधी मेला समिति समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने बताया कि संस्कृति गरबा महोत्सव की शुरुआत 18 अक्टूबर शाम सात बजे होने जा रही है। इसे लेकर लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। गरबा महोत्सव सभी तैयारियाँ पूर्ण की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस बार सांस्कृतिक गरबा कुछ अलग ही रंग में दिखेगा। चूंकि गरबा स्थल पर एक तरफ जहां प्रतिभागी माँ की आराधना करते गरबा खेलेगे वही दूसरी ओर भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का दर्शन भी देखने को मिलेगा। समिति द्वारा गरबे के शुभांरभ समारोह में 18 अक्टूबर को टीवी धारावाहिक राधा- कृष्ण में भगवान कृष्ण का किरदार कलाकार सुमेध मुदगलकर भी उपस्थित होने जा रहे है। श्री दरयानी ने बताया कि शारदीय नवरात्रों की शुरुआत 15 अक्टुबर से हो रही है। इसके उपलक्ष्य में सांस्कृतिक गरबा के 9 अलग अलग प्रशिक्षण स्थलों पर महाआरती का आयोजन किया गया है।

In the Court Of III Additional Judge to I Civil Judge Class-I, Betul Presiding officer: श्रीमती अन्ना ग्लोरी माहेश्वरी

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MJC /0000080/2022)

मीरा बाई.................. वादी

Vs

मेघचंद्र................ प्रतिवादी

Process Id-/ 6001/23

पेशी दिनांक:-18/10/2023

प्रेषिती-
मनोहर पिता गेंदलाल पता हाल निवासी बसंत कुंज कालोनी
मकान नं. 16 अयोध्या बायपास रोड भोपाल तहसील व जिला भोपाल म.प्र.

यह कि प्रार्थी मीरा बाई ने आपके विरुद्ध सिविल एम जेसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता)द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाइ कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 04 Octovber 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दे:-

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

सील

(अन्ना ग्लारी माहेश्वरी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड बैतूल
के न्यायालय के तृतीयअतिरिक्त न्यायाधीश जिला बैतूल

साहित्य

कहानी

गांधीजी की शॉल

■ हरिशंकर परसाई

'अलमारी में से तह की हुई एक हल्के नीले रंग की शॉल निकालते और आरती के थाल की तरह सामने करके, भाव विभोर हो कहते- 'यह शॉल मुझे पूज्य गांधीजी ने दी थी। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए थे। हम दोनों के सिरों पर हाथ रखकर हमसे बोले- 'तू मेरा बेटा नहीं, यह मेरी बेटी है।' 'खिलखिलाकर हंस पड़े बापू और यह शॉल हम दोनों को ओढ़ा दी। आज वे नहीं हैं...' वे आंख बंद कर लेते और भाव तल्लीन हो जाते। परिचित अगर समझदार होता, तो इस स्थिति का लाभ उठाकर बिना जयहिंद किए ही झटपट निकल भागता।

चार दिन हो गए, पर शॉल का पता नहीं लगा। सेवकजी ने रेलवे स्टेशन पर पूछताछ की, डिब्बे में साथ बैठे एक परिचित यात्री से पूछा, पर पता नहीं लगा। पुलिस में रिपोर्ट और अखबार में विज्ञप्ति छपाने पर सोचा, पर लगा कि गांधीजी की दी हुई पवित्र शॉल थी, उसे पुलिस और अखबारी मामलों में फंसाने से उसकी पवित्रता नष्ट होगी। कोई चाबियों का गुच्छा या सूटकेस तो था नहीं। पूज्य गांधीजी की शॉल थी।

सेवकजी हर दिन की तरह दरवाजे पर कुर्सी लगाकर बैठे थे। शून्य में देख रहे थे। सड़क पर कितने ही परिचित निकल गए। सेवकजी ने किसी को नहीं बुलाया। और दिन होता, तो वे परिचित को देखते ही वहीं से बैठे-बैठे जयहिंद उछालकर उसे रोकते।

बड़ी चौड़ी मुस्कान से जाते, उसका हाथ पकड़ लेते और घोर आत्मीयता से कहते- ऐसे नहीं हो सकता। आप बिना चाय के नहीं जा सकते।' पकड़कर भीतर ले जाते, चाय बुलाते अलमारी से एक फाइल निकालते, जिसमें वे अखबारी कतरनें लगी थीं, जिसमें उनका नाम छपा था। इनमें वह कतरन भी थी, जिसमें उनके बचपन में खो जाने पर पिता ने उनकी खोज में विज्ञप्ति छपाई थी। एक-एक कर सब कतरने वे बताते और बीच-बीच में अपनी राष्ट्र, समाज सेवाओं का उल्लेख करते जाते। वे बताते कि किस सन् में किस नेता के साथ जेल में थे। परिचित उठने का उपक्रम करता तो सेवकजी आग्रह से उसका हाथ पकड़कर कहते-'बस! एक मिनट और। मैं आपको अपने जीवन की सबसे मूल्यवान, सबसे पवित्र वस्तु बतलाता हूं।

'अलमारी में से तह की हुई एक हल्के नीले रंग की शॉल निकालते और आरती के थाल की तरह सामने करके, भाव विभोर हो कहते- 'यह शॉल मुझे पूज्य गांधीजी ने दी थी। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए थे। हम दोनों के सिरों पर हाथ रखकर हमसे बोले- 'तू मेरा बेटा नहीं, यह मेरी बेटी है।' 'खिलखिलाकर हंस पड़े बापू और यह शॉल हम दोनों को ओढ़ा दी। आज वे नहीं हैं...' वे आंख बंद कर लेते और भाव तल्लीन हो जाते। परिचित अगर समझदार होता, तो इस स्थिति का लाभ उठाकर बिना जयहिंद किए ही झटपट निकल भागता। कोई परिचित उस सड़क के बिना उन कतरनों और उस शॉल को देखे, निकल नहीं सकता था। आज चार दिनों से लोग बेखटके निकल रहे थे। सेवकजी उन्हें नहीं छेड़ते थे। सोचते - उस घर में अब किसको क्या बुलाएं, जिसकी श्री ही चली गई है।

टाउन हॉल में शाम को सभा की घोषणा करता हुआ लाउडस्पीकर लगा तांगा निकला। सेवकजी के मन में उमंग की लहर उठी। पर लगा कैसे जाऊं। शॉल जो खो गई।

हर सभा में वे गांधीजी की शॉल ओढ़कर जाते। मंच पर अंतिम वक्ता के बाद खड़े होकर कहते- 'मुझे भी इस विषय पर दो शब्द कहना है।' माइक पर वे बोलते- मैंने जो कुछ सीखा गांधीजी के चरणों में बैठकर। वे मुझे पुत्रवत स्नेह करते थे। मेरे विवाह में वे स्वयं आशीर्वाद देने आए.....और पूरा किस्सा। मेरे जीवन की सबसे मूल्यवान, सबसे पवित्र निधि है। सभा में लोग जानते थे कि सेवकजी अवश्य आएंगे और शॉल के बारे में बताकर बैठ जाएंगे। एक सभा में वे इस विषय पर आ ही रहे थे कि सभापति ने घंटी बजा दी। हड़बड़ाकर बैठने लगे, तभी किसी मसखरे ने आवाज लगाई- 'सेवकजी! आप शॉल के बारे में बताना भूल गए।' लोग हंस पड़े। पर सेवकजी ने सहज भाव से कहा- जब प्रसंग उठाया ही गया है, तो बताना मेरा धर्म है और फिर पूरा वाकया...।

सेवकजी उस पीढ़ी के थे, जिसने जवानी के आरंभ में सोच लिया था कि जीवन-भर देश की स्वतंत्रता के लिए संग्राम करेंगे। पर स्वतंत्रता पहले आ गई, जीवन शेष रहा। अब क्या करें? यह तो सोचा ही नहीं था कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद क्या करेंगे? जिन्होंने सोच लिया था, वे सरकार चलाने लगे। कुछ विरोधी दल में आ गए। जो जीत न सके, सरकार में नहीं जा सके। वे बड़ी उलझन में आ गए। हारा हुआ राजा रनिवास में जाता है.

सेवकजी अध्यात्म में आ गए। पर वहां मन नहीं लगा। वे लौट आए। पर अब क्या करें? वे पूरे जोर से सोच रहे थे। शॉल जीवन शक्ति ले गई। किसलिए जिएं? जिएं, तो करें क्या? ऐसे जीने से मर जाना अच्छा! एक विचार उनके मन में सहसा आया और उसके आवेग से वे खड़े हो गए। चप्पल पहनी और दूर सदर कोने में कपड़ों की एक दुकान पर गए और वैसी ही शॉल खरीद ली। मन ही मन समाधान कर लिया- वस्तु सत्य नहीं है, भावना सत्य है। अब समस्या खड़ी हुई कि उसका नयापन कैसे मिटे? सेवकजी ने उसे पानी में डुबाकर सुखाया, उससे फर्श साफ किया, दो-तीन दिन उसे ओढ़कर सोते रहे। अत्याचार से उसकी चमक-दमक गायब हो गई। प्रफुल्लता लौट रही थी, पर ज्योंही वे प्रसन्न होते, आशंका कूद पड़ती कि लोग समझ न जाएं?

शाम की सभा तय थी। कई दिन बाद सेवकजी सभा की तैयारी में थे। कुर्ता और धोती निकाले, शॉल निकाली। मंच पर बैठे धुकधुकी लगी- कोई भेद न जान ले। कोई सहज ही देखता तो कांप जाते इन्होंने शॉल का रहस्य भांप लिया। अंतिम वक्ता के बाद खड़े हुए। बोले, 'मुझे इस विषय पर दो शब्द कहना है।' उन्होंने माइक पकड़ लिया था। दिल धड़क रहा था और हाथ कांप रहे थे। आज पैरों को स्थिर करने का प्रयत्न करना पड़ रहा था। बोलना शुरू किया 'मैंने जो कुछ सीखा है, गांधीजी से... ये शॉल उन्होंने मुझे दी थी। बापू स्वयं...'

पहली पंक्ति में बैठा एक आदमी उठकर खड़ा हो गया और बोला, 'क्यों झूठ बोलते हैं सेवकजी? यह शॉल तो बिल्कुल नई है और मिल की है। भला गांधीजी मिल की शॉल देते?' सभा में हंसी हुई, सेवकजी के पैर डगमगाए, माइक पर पकड़ ढीली हुई और वे वहीं बैठ गए।

हिंदी ग़ज़ल परंपरा को समृद्ध करती ग़ज़लें

■ रामकृष्ण यादव

कई उपन्यास एवं आलोचना की पुस्तकों के प्रकाशन के बाद डॉ. ललन प्रसाद सिंह का पहला ग़ज़ल-संग्रह 'ग़ज़ल-गीत संगम' नाम से किशोर विद्या निकेतन, वाराणसी से सद्यः प्रकाशित हुआ है।

इस संग्रह में दो खंड हैं, पहला 'ग़ज़ल खंड' तथा दूसरा 'गीत खंड'। ग़ज़ल खंड में कुल 326 गजलें सम्मिलित हैं। ये ग़ज़लें उन्होंने 1995 से 2022 के बीच के कालखंड में रची हैं। समयांतराल की वजह से प्रारंभ की ग़ज़लों एवं वर्तमान की ग़ज़लों की भाषा-शिल्प एवं कहन में थोड़ा-बहुत अंतर है।

ग़ज़ल की अपनी एक विशिष्ट शैली है, जो कविता से भिन्न है। यही वजह है कि ललन प्रसाद सिंह की ग़ज़लें कथ्य, संकेतों, शब्दों एवं तान के माध्यम से एक नए क्षितिज का उद्घाटन करती हैं। उनकी ग़ज़लें सामाजिक,आर्थिक एवं सांस्कृतिक विद्रूपताओं पर प्रहार करने के साथ-साथ राजनैतिक क्रांति का उद्घोष करती हैं-

'समाजवाद तेरे लिए सिर्फ़ जुमला है
मगर उनके लिए तो अन्याय पर हमला है'

राजनैतिक व्यवस्था से उत्पन्न पीड़ा, दर्द, असमानता, अमीरी-गरीबी का फासला उन्हें उद्वेलित करता है -

'काजल की कोठरी में बैठे हो
शीशे की दीवार लगाकर
कब तक जिंदा रहोगे
किसानों की अस्थि चबाकर'

सियासतदां पर चोट करते हुए लिखते हैं-

'हमें टुकड़े-टुकड़े में बांटे हो
अपनी सियासत के खातिर
तेरी नीयत पर नज़र है
तुम हो कितने शातिर'

आज सांप्रदायिकता का जहर सियासत में इस कदर फैल गया है कि आये दिन दंगा-फसाद होते रहते हैं; जातीय-नस्लीय हिंसा होती है; जिंदगियां तबाह हो जाती हैं; बस्तियां-घर जला दिए जाते हैं। सियासतदां अपनी-अपनी रोटियां सकते हैं। सांप्रदायिकता से उपजी पीड़ा को एक युवती यूं बयां करती है-

'अम्मा की फूट गई चूड़ियां
हमारी उजड़ गई दुनिया
आदमी मर गया, तेरी सियासत में
मेरा आशियां जल गया, तेरी सियासत में '

लोकतांत्रिक व्यवस्था में ललन प्रसाद सिंह की पूर्ण आस्था है । वे समता एवं समानता के पक्षधर हैं । पर भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था से पूरी तरह सहमत नहीं हैं। भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की खामियां उन्हें नागवार लगती हैं। वे लिखते हैं-

'व्यक्ति बदल जाता है, व्यवस्था कहां बदलती चुनाव खत्म हो जाता, खुशी कहां मिलती'
... ...
'वे कहते हैं जनता मालिक है
पर सब मालों के वे मालिक हैं '

जहां तक भाषा का सवाल है तो इस संग्रह की भाषा उर्दू-हिंदी मिश्रित 'हिंदुस्तानी' है। ग़ज़ल-गीतों में शब्दों के नपे-तुले प्रयोग हैं। तत्सम शब्दों का प्रयोग नहीं के बराबर है, तद्भव एवं देशज़ शब्दों के प्रयोग से भाषा लयात्मक एवं प्रभावोत्पादक बन गई है। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि ललन प्रसाद सिंह का 'गजल-गीत संगम' एक महत्वपूर्ण संग्रह ही नहीं,अपितु एक अनूठा संग्रह भी है। उनकी ग़ज़लें सपने दिखाती हैं और देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ-साथ कुव्यवस्था के विरुद्ध क्रांति के लिए जोश भी जगाती हैं। उनके गीत पाठक-श्रोताओं को गुनगुनाने पर विवश कर देते हैं।

पर उन्हें उम्मीद है कि एक न एक दिन यह व्यवस्था बदलेगी। कभी उनका भी वक्त आएगा, जो हाशिए की ओर धकेल दिए गए हैं। क्योंकि लोकतंत्र की चक्की धीरे-धीरे घूमती है, पर घूमती जरूर है।

'मेहनतकश हम काश्तकारों का
कभी तो वक्त आएगा
देख लेना
नया प्रकाश आसमान में छाएगा'

इस संग्रह में दलित-विमर्श, स्त्री-विमर्श,एवं आदिवासी-विमर्श पर आधारित ग़ज़लें भी हैं।

ललन प्रसाद सिंह के इस संग्रह में इश्क-हुस्न, दोस्ती-दुश्मनी,अपना-पराया, खुशी-गम, , भाषा, संप्रदाय,जाति, लिंग, प्रकृति, बुद्ध ,कबीर, मार्क्स , कला, संस्कृति, आदि विविध विषयों पर कई ग़ज़लें हैं और उन सभी के तेवर अलग-अलग हैं।

श्री सिंह के इस संग्रह में नब्बे गीत भी शामिल हैं। हिंदी साहित्य में गीत सामान्यतः कम लिखे गए हैं। हालांकि गीतों का जनजीवन पर काफी प्रभाव रहा है।

जहां तक भाषा का सवाल है तो इस संग्रह की भाषा उर्दू-हिंदी मिश्रित हिंदुस्तानी है। ग़ज़ल-गीतों में शब्दों के नपे-तुले प्रयोग हैं। तत्सम शब्दों का प्रयोग नहीं के बराबर है, तद्भव एवं देशज़ शब्दों के प्रयोग से भाषा लयात्मक एवं प्रभावोत्पादक बन गई है।

कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि ललन प्रसाद सिंह का 'गजल-गीत संगम' एक महत्वपूर्ण संग्रह ही नहीं,अपितु एक अनूठा संग्रह भी है। उनकी ग़ज़लें सपने दिखाती हैं और देशभक्ति की भावना जागृत करने के साथ-साथ कुव्यवस्था के विरुद्ध क्रांति के लिए जोश भी जगाती हैं। उनके गीत पाठक-श्रोताओं को गुनगुनाने पर विवश कर देते हैं।

पुस्तक - ग़ज़ल-गीत संगम
ग़ज़लकार -डॉ. ललन प्रसाद सिंह
प्रकाशक- किशोर विद्या निकेतन, भदैनी, वाराणसी -221001
मूल्य - 300 रुपये

ग़ज़ल

महमूद दरवेश की दो कविताएं



महमूद दरवेश का जन्म 13 मार्च, 1942 को फिलिस्तीन में हुआ था , उनकी कविताओं ने अरबी भाषा की कविताओं को एक पहचान अलग पहचान दिलाई. उनकी ज़्यादातर कविताओं का अनुवाद दुनिया की तमाम भाषाओं में हुआ। महमूद दरवेश दुख, सपनों, उम्मीदों के महान कवि माने जाते हैं। लाखों-लाख फिलिस्तीनियों की तरह महमूद दरवेश का परिवार भी अपनी जन्मभूमि से विस्थापित नहीं, बल्कि निर्वासित कर दिया गया, क्योंकि माना यह गया कि जहां वे पैदा हुए वह जमीन उनकी नहीं थी। विस्थापन का दर्द महमूद दरवेश की कविताओं में टूट कर दिखता है। लेकिन उनकी कविता में केवल पीड़ा, आंसू, दुख, आक्रोश, विद्रोह, संघर्ष न था. उनमें उम्मीदें भी थी. उनका दृढ़ विश्वास था कि अब तक का मानव समाज तमाम आततायियों को देख चुका है, उन्हें जमींदोज कर चुका है, ऐसे में हमारे देश पर टूट पड़े आक्रांताओं का भी भविष्य वही होगा. हमारी जमीन हमें मिलेंगी, हम अपने घर जरूर लौटेंगे।

फिलिस्तीन की मुक्ति और शांति के सपने लिए महमूद दरवेश ने 2008 में 9 अगस्त को इस दुनिया से विदा ली। पाठकों के लिए पेश हैं, महमूद दरवेश की दो अनूदित कविताएं। अनुवाद अनिल जनविजय ने किया है

मैं घोषणा करता हूँ

जब तक
मेरी एक बालिश्त ज़मीन भी शेष है
एक जैतून का पेड़ है मेरे पास
एक नीम्बू का पेड़
एक कुआँ
और एक कैक्टस का पौधा

जब तक
मेरे पास एक भी स्मृति शेष है
पुस्तकालय है छोटा-सा
दादा की तस्वीर है
और एक दीवार

जब तक
उच्चरित होंगे अरबी शब्द
गाए जाते रहेंगे लोकगीत
पढ़ी जाती रहेंगी —
कविता की पंक्तियाँ
अनतार-अल-अब्से की कथाएँ
फ़ारस और रोम के विरुद्ध लड़े गए
युद्धों की वीर गाथाएँ

जब तक
मेरे अधिकार में हैं मेरी आँखें
मेरे होंठ और मेरे हाथ
मैं खुद हूँ जब तक
मैं अपने शत्रु के समक्ष घोषित करूँगा —

मुक्ति के लिए प्रबल संघर्ष
स्वतन्त्र लोगों के नाम पर हर कहीं
मज़दूरों, छात्रों और कवियों के नाम पर

मैं घोषित करूँगा —
खाने दो कलंकित रोटी
कायरों को
सूरज के दुश्मनों को
मैं जब तक जीवित रहूँगा
मेरे शब्द शेष रहेंगे —
'रोटी और हथियार
मुक्ति-योद्धाओं के लिए'

फ़िलिस्तीन के प्रेमी

ओ मेरी प्रिया !
दर्द भरी तेरी आँखें
बेधती हैं मेरे हृदय को
जब भी मैं याद करता हूँ उन्हें

उनमें गरजती है बिजली
दहकता है गुस्सा
वियोग झलकता है उनमें
और मैं सम्हाल कर रखता हूँ तेरा दर्द

आकाश में चमक रहे हैं सहस्त्रों सितारे
घायल है मेरा हृदय
उस पर भी हैं हज़ारों घाव
तेरा दर्द मेरे प्यार का विस्तार है
एक पुल है
वर्तमान और भावी दिनों के बीच

भला, कैसे भूल सकता हूँ मैं
तेरी आँखों में चमकते वे दिन
बचपन के वे साल
जब साथ-साथ बड़े हुए थे हम

तब मुझे लगता था, मेरी प्रिया !
कि तेरी उन बड़ी-बड़ी आँखों में
जल रही है आग
और मैं गाने लगता था
उनके बारे में नए-नए गीत

पर आज
निर्वासन की यह भयानक ठण्ड
बरसा रही है आग
मेरे होंठ? को जला रही है
भद्दे ढंग से, बेरहमी के साथ

आज
वीरान पड़े हैं वे मकान
छोड़ने पड़े थे जो हमें
पक्षी तक नहीं बैठते अब
उनकी मुण्डेरों पर

तड़कने लगे हैं आइने
आज़ादी की मौत के इस जश्न पर
और हम
बीनते हुए लोकगीतों के टुकड़े
आँक रहे हैं क़ीमत जन्मभूमि की

नए-पुराने सुरीले गिटारों पर
हम गाते हैं शब्द-शब्द
अपने गीत
और रचते हैं धुनें नई-नई
रुदन करते अपने
उन वीरान पड़े मकानों पर

ओ जानम् !
हमारा प्यार जीवित है अब भी
अब भी सुनती है तू मेरी आवाज़
बीते समय के साथ-साथ धीमी ज़रूर हो गई वो
पर कमज़ोर नहीं हुई

ओ युवा ग्वालन ! मैं देख रहा हूँ तुझे
काँटों भरी राह पर दौड़ते हुए
गायों और भेड़ों के रेवड़ के पीछे
तू गुज़र रही है
खण्डहर हुए एक घर के पास से
जिसका प्रवेश-द्वार बदल गया है राख में

मैं देख रहा हूँ तुझे
मेरी प्रिया !
लाइन में लगे हुए
सूख रहे एक कुएँ के पास

ओ रात्रिकालीन होटलों में बरतन मलने वाली !
मैं देख रहा हूँ तुझे लेटे हुए
चिथड़ा-चिथड़ा एक तम्बू में
उन अलावों के पास
जलाया है जिन्हें अनाथ बच्चों ने
और याद कर रहे हैं जो
घर के चूल्हे की आग

मुझे विश्वास है, मेरी जान !
चाहे कुछ भी क्यों न करना पड़े तुझे
कैसे भी क्यों न रहना पड़े
चलना पड़े चाहे किसी भी राह पर
निर्वासन की इस आग में, उदासी में
बनी रहेगी तू वैसे ही
जैसे बरकरार है सूरज
समुद्र
और हमारी शानदार यह धरती
हज़ारों-हज़ार बरस से

मुझे क़सम है, तेरे इस रुमाल की
जो तूने उपहारित किया था मुझे
विदा करते हुए
मैं क़सम खाता हूँ, जानम् !
तेरी काली घनी बरौनियों की
मुझे क़सम है तेरी, मेरी जान !
अमर रहेगा फ़िलिस्तीन
हमारा भाग्य फ़िलिस्तीन

चमकते सूरज के नीचे
फ़िलिस्तीन मेरा है
चमकते चान्द के नीचे
फ़िलिस्तीन तेरा है
फ़िलिस्तीन हमारा है, हमारा ही रहेगा

अपने नए गीतों से हम
बेध देंगे ठिठुरती इस हवा को
सूखी धरती में डालेंगे नए बीज
अपने ख़ून से सींचेंगे
लुटे-पिटे खेतों की आत्मा और शरीर
फिर गुज़र जाएँगे लम्बे वर्ष
और उनमें पैदा होगी फ़सल घनी

तेरा नाम — फ़िलिस्तीन
तेरी दृष्टि — फ़िलिस्तीन
तेरे नयन-नक़्श — फ़िलिस्तीन
फ़िलिस्तीन — तेरी आशा
फ़िलिस्तीन — तेरी आवाज़
फ़िलिस्तीन — महिलोचित गरिमा तेरी

फ़िलिस्तीन जिएगी तू
तू मरेगी फ़िलिस्तीन

ओ मेरी प्रिया !
मेरी किताबों का सार और विचार है तू
मेरे गीतों की आग है
हर क्षण तूने सम्पूर्ण किया मेरा जीवन
तेरे बिना होता ये बरबाद और बेरंग
मेरे लिए एकमात्र सर्जक है तू
एकात्म है तू मेरी मातृभूमि के साथ
मेरे इस लबालब हृदय में

बेतवा- पार्वती अंचल

सार-समाचार

आदतन अपराधी 1 साल के लिए जिलाबदर

रायसेन,देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी रघुनाथ सिंह राजपूत पिता भगवान सिंह राजपूत निवासी ग्राम तिजालपुर थाना गैरतगंज जिला रायसेन को एक साल के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित/ जिलाबदर किया गया है। आरोपी वर्ष 1985 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 21 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी रघुनाथ सिंह राजपूत को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से एक साल के लिए निष्कासित किया गया है।

सांची में एसएसटी चेक प्वाइंट पर जप्त की गई एक लाख एक हजार रुपए की नगदी

रायसेन, देशबन्धु। मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर 09 अक्टूबर से आचार संहिता पूरी तरह प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार आचार संहिता लागू होते ही स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सम्पूर्ण जिले में गठित एसएसटी और एफएसटी टीमों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सांची में बनाए गए एसएसटी चेक प्वाइंट पर शनिवार को वाहनों की जांच के दौरान, वाहन क्रमांक एमपी 04 जेडपी 2212 में शिरीष सक्सेना से एक लाख एक हजार रू की नगदी जप्त की गई। जिसका जप्तीनामा, सुपर्दगीनामा मौके पर बनाया गया। सांची में बनाए गए उक्त एसएसटी चेक प्वाइंट पर आचार संहिता प्रभावशील होने के उपरांत अभी तक लगभग 24 लाख रू से अधिक नगदी के साथ ही चांदी की ईटें और सोने के आभूषण जप्त किए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि रायसेन जिले में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराते हुए विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे द्वारा सम्पूर्ण जिले में एसएसटी की 20 टीमें तथा एफएसटी की 21 टीमें गठित की गई हैं, जिनके द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

तीन आदतन अपराधी 06- 6 माह के लिए जिलाबदर

रायसेन,देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी सुंदरलाल जाटव पिता रघुनाथ जाटव निवासी ग्राम कोहनिया थाना बेगमगंज जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2007 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 18 प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी मुकेश रैकवार पिता छोटेलाल रैकवार निवासी महादेवपुरा बेगमगंज थाना बेगमगंज जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन जिले के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2004 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 14 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। इनके अतिरिक्त विभिन्न अपराधों में आरोपी शेलेन्द्र उर्फ सिल्लू पिता मोतीलाल दुबे खिरियानारायणदास थाना बेगमगंज जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिला तथा रायसेन के सीमावर्ती जिलों की राजस्व की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 27 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी सुंदरलाल जाटव, आरोपी मुकेश रैकवार तथा आरोपी शेलेन्द्र उर्फ सिल्लू दुबे को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 06-06 माह के लिए निष्कासित किया गया है।

चारों विधानसभाओं के सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन के संदर्भ में दिया गया प्रशिक्षण

अधिकारी पूरी सजगता, निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निर्वाचन दायित्यों का निर्वहन करें

रायसेन, देशबन्धु। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के संदर्भ में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में जिले की चारों विधानसभाओं के सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण रायसेन स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने सेक्टर अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य सुचितापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में सेक्टर अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी पूरी गंभीरता और लगन से प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा किसी भी प्रकार का संशय या कठिनाई होने पर उसका समाधान प्राप्त करें, जिससे कि निर्वाचन कार्य में अव्यवस्था ना हो।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर लें। निर्वाचन प्रक्रिया आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णत: पालन करते हुए पूरी सजगता, मेहनत निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न करानी हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारियों को पीठासीन अधिकारियों के कार्य और भूमिका की जानकारी होने के साथ-साथ कार्य सम्पादन की प्रक्रिया की भी जानकारी होनी चाहिए। साथ ही ईवीएम, वीवीपैट की कार्यप्रणाली का भी ज्ञान होना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुबे ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी नियमित रूप से अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों की स्थिति तथा व्यवस्थाओं से अद्यतन रहें।

प्रशिक्षण में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल द्वारा भी सेक्टर अधिकारियों को निर्वाचन कार्य में पुलिस अधिकारियों तथा पुलिस बल की भूमिका के बारे में अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग ने सेक्टर अधिकारियों को उनके निर्वाचन संबंधी दायित्वों तथा किए जाने वाले कार्यो के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने क्षेत्र के भ्रमण के पूर्व संबंधित रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय से मतदान केन्द्र अनुसार समस्त मूलभूत आवश्यकताओं की जानकारी, पूर्व निर्वाचन का वोटर टर्न आउट, जेण्डर रेशों सहित सामान्य जानकारी, रूट मैप सहित सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें। साथ ही बीएलओ, सुपरवाईजर सहित मैदानी अमले से सतत् सम्पर्क में रहें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिलाई मतदान की शपथ

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही अपने परिचित और आसपड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कहा गया।

प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, एसडीएम मुकेश सिंह सहित संबंधित अधिकारी और समस्त सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश के मंत्री ने दिया सांची विधानसभा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र, कहा-

प्रभुराम को जिताने चुनाव में पूरी ताकत झोंक दें

रायसेन, देशबन्धु। राम परिसर में आज सांची विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले चारों भाजपा मंडलों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसमें विधानसभा चुनाव की व्यापक तैयारी और चुनाव प्रचार-प्रसार में पूरी ताकत के साथ काम करने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शासन के मंत्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आपको यह प्रण लेना है कि सांची विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की ऐतिहासिक जीत हो और रिकॉर्ड कायम हो सके। उन्होंने कहा कि यह विधानसभा चुनाव अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सांची विधानसभा क्षेत्र से आपके योग्य प्रत्याशी डॉक्टर प्रभुराम चौधरी को रिकॉर्ड मतों से जिताएं क्योंकि कार्यकर्ताओं की दम पर ही भाजपा है। उन्होंने कहा कि बूथ प्रभारी से लेकर शक्ति केंद्र प्रमुख पन्ना प्रमुख अपनी प्रमुख जिम्मेदारी समझते हुए चुनाव का पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करें।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि हर हालत में अपने क्षेत्र से भाजपा की जीत होना चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में मौजूद रायसेन, सांची, खरवई एवं साचेत मंडल के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस समय पूरी ताकत के साथ कामकाज में जुट जाएं प्रत्येक शक्ति केंद्र और बूथ स्तर तक तेज गति के साथ काम करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि आगामी 17, 18 एवं 19 अक्टूबर को प्रत्येक शक्ति केन्द्रों पर शक्ति सम्मेलनों के आयोजन होना है, जिसकी तैयारी में अभी से सभी कार्यकर्ता और जिम्मेदार पदाधिकारी जुट जाएं। उन्होंने सभी मंडलों के पदाधिकारी एवं जिम्मेदार कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव प्रचार-प्रसार की जिसे जो जिम्मेदारी दी गई है वह अपना दायित्व पुरी ताकत के साथ निभाए।

अवसर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने कहा कि अब चुनाव में ज्यादा दिन का समय नहीं रहा है सभी कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कामकाज में जुट जाएं। श्री चौधरी ने कहा कि बाकी क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी मेरी है मैं किसी भी कीमत पर विकास कार्य करने में पीछे नहीं रहूंगा।

कार्यक्रम के अंत में उत्तर प्रदेश शासन के मंत्री देवेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को शपथ भी दिलाई ।

बैठक में जिला चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, नगर मंडल अध्यक्ष जीतू आदिजत्य शर्मा, संतोष शर्मा, वीरेंद्र बघेल, बृजेश चतुर्वेदी, वीर सिंह पटेल, दातार सिंह मीणा, राकेश तोमर, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, बबलू ठाकुर, कल्पना रघुवंशी, दीपक पंड्या, गिरधारी लाल शाक्य सहित सभी भाजपा मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

शारदीय नवरात्रि में महामाई मंदिर दरबार में होगा चामुण्डा दुर्गा महायज्ञ

__सिरोंज, देशबन्धु।__ प्रतिबर्षानुसार इस बर्ष भी नगर की आराध्या देवी जगत जननी श्री महामाई माता मंदिर (डांगवाली) के जागृत दरबार में शारदीय नवरात्रि उत्सव परंपरानुसार श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया जावेगा। इस अवसर पर महामाई सेवा समिति द्वारा आयोजित दस दिवसीय श्री चामुंडा दुर्गा महायज्ञ में भी आज से प्रतिदिन दोपहर में आहुतियाँ प्रदान की जावेंगी।

नगर के प्राचीन मंदिर महामाई माता मंदिर डांगवाली ग्राम वीरपुर में 13 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक दस दिवसीय शारदीय नवरात्रि उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित उत्सव में शुक्रवार को दुर्गा आव्हान के पश्चात आज रविवार को नवरात्रि के प्रथम दिन श्री देवी पूजन, कलष पूजन व अग्नि स्थापना की जावेगी साथ ही दोपहर में मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा के आचार्यत्व में श्री चामुण्डा दुर्गा महायज्ञ का प्रारंभ होगा। 24 अक्टूबर मंगलवार को श्री देवी पूजन के साथ महायज्ञ का समापन एवं पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण होगा।

विशेष आरती प्रतिदिन रात्रि 8 बजे

श्री महामाई माता मंदिर पर मातारानी की विषेष आरती प्रतिदिन रात्रि 8 बजे होगी। महामाई सेवा समिति ने प्रतिदिन होने वाली विषेषी आरती एवं चामुण्डा दुर्गा महायज्ञ में नगर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है।

सज गया माता का दरबार

इससे पूर्व समिति द्वारा विगत कई दिनों से शारदीय नवरात्रि उत्सव मनाने हेतु व्यापक तैयारियाँ की जा रही है। महामाई माता का विषेष श्रृंगार करने के साथ ही मंदिर परिसर में भी आकर्षक रंगीन पताकाओं की सजावट के साथ साथ विधुत साज-सज्जा की गई है। रात्रि में महामाई दरबार का दृष्य बहुत ही आकर्षक एवं मनोरम दिखाई देता है।

रैली निकालकर नागरिकों किया जागरुक

गंजबासौदा, देशबन्धु। मतदान लोकतंत्र का महापर्व है। इसमें प्रत्येक मतदाता को बिना किसी भेदभाव या पक्षपात के सहभागिता निभानी चाहिए। यह बात सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने मतदाता जागरुकता रैली के समापन अवसर पर एनएसएस स्वयं सेवक-सेविकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कही। डायरेक्टर केएस यादव ने रैली को रवाना किया और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अतिरिक्त रूप से सामाजिक कार्यकर्ता होते है। इसलिए हमें लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़कर भागीदारी निभाकर चुनाव आयोग और प्रशासन का साथ देना चाहिए। मतदाता जागरुकता रैली स्कूल परिसर से मुस्कान टाकीज़, अम्बेडकर चौक, नेहरु चौक, फ्रीगंज, रविदास कालोनी नई बस्ती होते हुए स्कूल परिसर में रैली का समापन हुआ। रैली का नेतृत्व उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, एनएसएस अधिकारी कृष्णपाल सिंह चौहान, प्रभारी प्रियंका अग्रवाल, शिक्षक नरेन्द्र राय, विवेक दुबे, दीपेश मीणा, आकाश साहू, विक्रांत सोनी सहित अन्य ने सहभागिता की। रैली में स्वयं सेवक हाथों में तख्तियां लेकर सारे काम छोड़ दो- सबसे पहले वोट दो, मतदान महादान, जिनकी उम्र 18 पार उनको है मतदान का अधिकार जैसे नारे लगाकर लोगों को प्रेरित किया।

आज मनेगा महाराजा अग्रसेन का जन्मोत्सव

समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

मुरैना, देशबन्धु। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रसेन जयंती के अवसर अग्रवाल महासभा के तत्वाधान में अग्रवाल महिला मण्डल द्वारा बालक बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं एवं बालमेले का आयोजन अग्रवाल महासभा के मुख्य संरक्षक रमेश गर्ग के निर्देशन में किया जा रहा है। अग्रवाल महासभा के मुख्य संरक्षक ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से हम समाज में छुपी हुई प्रतिभाओं को ढूंढकर निकाल सकते हैं जो कि भविष्य में अग्रवाल समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। शनिवार को हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान वंशिका बंसल ने प्राप्त किया। उसके बाद समाज के प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सम्मान जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष राकेश गर्ग के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष कमलेश बंसल ने की। इस मौके पर श्री गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि रमेश गर्ग हमारे समाज के ही संरक्षक नही है, बल्कि हम सभी के दिलों के संरक्षक हैं वहीं उन्होंने कहा कि उनके बिना कार्यक्रम ऐसे लग रहे हैं जैसे बिना दूल्हे की बारात हो। वहीं कमलेश बंसल ने अपने उद्बोधन में होने वाले सभी कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं समाज बंधुओं से अग्रसेन जी के जन्मोत्सव को बड़े धूमधाम से मनाने के साथ सपरिवार अग्रसेन उद्यान में पधारने का निवेदन किया। समाचार प्राप्त होने तक और भी प्रतियोगिताएं होनी बांकी थी। अग्रसेन सांस्कृतिक सप्ताह के संयोजक मोहन बंसल ने बताया कि इसी प्रकार कई आकर्षक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाऐगा। अग्रवाल महासभा सभी अग्रबंधुओं से अपील करती है कि होने वाले सभी कार्यक्रमों एवं महाराजा अग्रसेन जी के प्रभात फेरी एवं पूजा अर्चना में अधिक से अधिक संख्या में सम्मलित होकर कार्यक्रमों को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष कमलेश बंसल एवं सांस्कृतिक सप्ताह के संयोजक मोहन बंसल, अनूप गर्ग सुधीर गोयल, अंकुर पंकज गर्ग, रवि गर्ग, श्रीमती शशि अग्रवाल, कामिनी मित्तल, माधुरी मित्तल उमा अग्रवाल, शिखा मित्तल, रोहित मित्तल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

उद्योगपति एवं समाजसेवी एकनाथ अग्रवाल की स्मृति में भजनांजलि कार्यक्रम का आयोजन

हरदा, देशबन्धु। कवि और संत कबीरदास के भजनों को लोक शैली में गाने वाले प्रहलाद टिपानिया शनिवार को हरदा पधारे । जहां उन्होंने उद्योगपति एवं समाजसेवी एकनाथ अग्रवाल की स्मृति में गोपीकृष्ण गार्डन मेंआयोजित भजनांजलि कार्यक्रम में भाग लिया। स्व. एकनाथ अग्रवाल के पुत्र देवव्रत अग्रवाल ने बताया कि इस गायन कार्यक्रम में संत कबीर के भजनों के प्रख्यात लोक गायक पदमश्री प्रहलाद टिपाणिया ने सुमधुर भजन सुनाएं । इस दौरान अतिथियों का शॉल श्रीफल से स्वागत किया । आयोजन का संचालन ज्ञानेश चौबे ने किया ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

मतदाताओं को विधानसभा निर्वाचन में मतदान हेतु किया जा रहा है प्रेरित

रायसेन, देशबन्धु। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में रायसेन जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्वीप प्लान के तहत जिले के रायसेन, गैरतगंज, बेगमगंज, औबेदुल्लागंज, मण्डीदीप, बरेली सहित सभी निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में रैली, मेहंदी, रंगोली, दीवार लेखन, नाटक सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत आगामी 17 नवम्बर को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

आई-सुख-समृद्धि और शांति के लिए भगवान शनिदेव के दर्शन कर की प्रार्थना

शनिचरी अमावस्या पर शनिधाम पहुंचे लाखों की संख्या में श्रद्धालु

शनि मेला प्रशासन द्वारा चप्पे-चप्पे पर रहे सुरक्षा के कडे प्रबंध

मुरैना, देशबन्धु। शनिचरी अमावस्या पर 14 अक्टूबर (शनिवार) को मुरैना जिले के ऐंती ग्राम में स्थित प्राचीन शनिधाम मंदिर पर विशाल मेला का आयोजन सम्पन्न हुआ। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति के लिए भगवान श्री शनिदेव के दर्शन किये और प्रार्थना की।

जिला प्रशासन द्वारा की गई माकूल व्यवस्थाओं के चलते श्रद्धालुओं को दर्शन करने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देशन में पुलिस व राजस्व विभाग तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी लगातार मॉनीटरिंग करते रहे। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्थायें की गई थी, जिसमें चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये। जिसमें दो पालियों में 500 पुलिस कर्मचारी एवं अन्य राजस्व विभाग 700 कर्मचारियों को तैनात किया गया। विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने अलग-अलग क्षेत्रों में कार्यपालिक दण्डाधिकारी के रूप में जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। मेले को 4 सेक्टरों में विभाजित किया गया था, जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहे। मेला में स्काउट गाइड के बच्चों ने बुजुर्ग दर्शानार्थियोंको सहयोग करके दर्शन कराके साथ ही भीड़-भाड़ से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

मेले में स्नानागार की व्यवस्था

मेले में प्रशासन द्वारा महिला एवं पुरूष स्नानागार की उचित व्यवस्था की गई थी, जिससे महिला एवं पुरूषों के द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्नान किया जा रहा था। नाई जोन प्रशासन ने नाई जोन की उचित व्यवस्था की थी, जिसमें करीब 300 नाईयों को नाईजॉन में बिठाया गया।

फायर बिग्रेड की उचित व्यवस्था: प्रशासन द्वारा इस मेले में अलग-अलग स्थानों पर फायर विग्रेड की व्यवस्था की गई। इससे अग्नि दुर्घटनाओं को आसानी से रोका जा सके।

मेला में जगह जगह भण्डारों की व्यवस्था-शनि मेंला में भण्डारें लगाये गये, जहां मेले में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर भण्डारों में प्रसादी ग्रहण की। सिरसा का भण्डारा लगातार 25वीं वार लगाया गया।

महिला-पुरूषों को अलग-अलग दर्शन की उचित व्यवस्था

जिला प्रशासन द्वारा शनि मेला में महिला-पुरूषों को दर्शन करने की उचित व्यवस्था की गई थी। शनि मेला में मुम्बई से कमला करजे ने बताया कि प्रशासन ने चार चौबंद व्यवस्थायें की है, मैं शिरणी सांई भी जा चुका हूं, वहां से भी बेहतर व्यवस्थायें मुरैना शनि मंदिर पर पाई गई है।

मुझे किसी भी प्रकार की श्री शनि भगवान के दर्शन करने में कठिनाई नहीं हुई, ऐसा प्रशासन बधाई का पात्र है। वहीं जयपुर राजस्थान के रामकरन ने भी शनि मंदिर पर आकर माथा टेका और प्रशासन द्वारा की गई बेहतर व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। कानुपर के नरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि मैं शनि मंदिर पहले भी आया हूं, पर इस बार प्रशासन की व्यवस्थायें बेहतर पाई गई है। मेले में पेयजल से लेकर अस्थाई हॉस्पीटल, एम्बूलेंस, डॉक्टर्स, सुरक्षा गार्ड, मार्गदर्शक एवं प्रशासनिक अधिकारी पूरी व्यवस्थाओं पर नजर बनाये रखे हुये थे।

ताप्ती तीरे

सार समाचार

लंबे समय से फरार 5 वारंटी गिरफ्तार

मुलताई, देशबन्धु। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न आपराधिक मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 5 वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । पकड़े गए कुछ कुल पांच वारंटी जिनमें दो के खिलाफगिरफ्तारी वारंटए एक स्थाई वारंट व गिरफ्तारी वारंटए एक स्थाई वारंट और एक के खिलाफसजा वारंटए गिरफ्तारी वारंट और एक जमानती वारंट जारी था। पुलिस ने उन सभी को पकड़ कर कार्यवाही की है। थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की नवनीत पिता नान्हु लाल निवासी मुलताईए चंदू पिता राम चरण निवासी मुलताई के खिलाफ विगत कई दिनों से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया थाए जो की फरार चल रहे थे। हेमंत पिता मारुति राव अतुलकर गायत्री नगर मुलताई के खिलाफ गिरफ्तारी और स्थाई वारंट जारी थाए वहीं सचिन पिता मुन्नालाल उईके उम्र 30 वर्ष निवासी खरसाली के खिलाफस्थाई वारंट जारी किया गया था। वही सुभाष वार्ड निवासी एक अन्य आरोपी के खिलाफएक सजा वारंटए दो गिरफ्तारी वारंट और एक जमानती वारंट जारी था। सभी वारंटीयो को पकड़ने में मुलताई पुलिस ने सफलता हासिल की है।

बड़े भाई ने छोटे भाई को लठ मारकर किया घायलए दर्ज कराई शिकायत

मुलताई से। मुलताई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम निरगुड में एक बड़े भाई ने पुरानी रंजिश के चलते अपने छोटे भाई को लठ मार कर घायल कर दिया। जिसके चलते उसके सर में गंभीर चोट आ गई। वह तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचा जहां उसने अपना प्राथमिक उपचार करवाया। जहां से उसने पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम निरगुड निवासी जय सिंह पुत्र राम जी कोडले उम्र 53 वर्ष ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते उसके बड़े भाई ने उसके सर पर लठ मार कर उसे घायल कर दिया। वह उससे लड़ाई झगड़ा कर रहा थाए लठ मारने की वजह से उसका सर फट गया और खून बहने लगा। घायल होने पर वह तत्काल अस्पताल पहुंचा और उसने अपना प्राथमिक उपचार करवाया और पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई।

जिसके लिए किया था प्रदर्शन, उस सड़क की गुणवत्ता पर कांग्रेस की नपा का ध्यान नहीं

सड़क निर्माण में ठेकेदार की चल रही खुली मनमानी

आमला, देशबन्धु। जिस सड़क को लेकर युवा कांग्रेस ने विधायक की गाड़ी रोककर विरोध प्रदर्शन किया। उसी सड़क के निर्माण में गुणवत्ता को लेकर बार-बार सवाल खड़े कर रहे है, लेकिन नगरपालिका को कोई फर्क तक नहीं पड़ रहा है। यही वजह है कि सड़क निर्माण में ठेकेदार की खुली मनमानी चल रही है और आमजनता परेशान है।

दरअसल मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना अंतर्गत 67 लाख की सड़क का निर्माण शुरू हुआ तो निर्माण एजेंसी ने लापरवाही बरतना शुरू कर दिया। निर्माण एजेंसी तय मानकों से हटकर घटिया बेस तैयार कर रही है। लोगों के विरोध के बाद पानी का छिडकाव और रोड रोलर चलाया जा रहा है, किन्तु पूर्व में उपयोग की सामग्री और लेयर बाय लेयर बेस तैयार करने में कोताही बरती जा रही है। जिससे अगामी समय में स्थिति क्या होगी, यह समझ से परे हैं। खास बात यह भी है कि 20 साल से इस सड़क के निर्माण के लिए आमजनता मांग कर रही है। कांग्रेसियों ने आंदोलन भी किया। फिर भी सड़क निर्माण में गुणवत्ता को लेकर कांग्रेस की ही नगर सरकार ध्यान नहीं दे रही है।

प्रत्येक सड़क निर्माण ये है पैमाने

प्रत्येक सडक् निर्माण में तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा सड़क की उपयोगिता के आधार पर मापदंड तय करते है और उसी के अनुरूप काम होना चाहिए, ताकि सडक् का लाभ लोगों को मिल सके। वार्ड के रहवासी नीलेश मालवीय ने बताया कि ठेकेदार अब भी पुरानी तकनीक से सड़क का निर्माण कर रहा है। सड़क निर्माण में जिस गुणवत्ता के हिसाब से बेस बनना चाहिए था, वह नहीं है। कई जगह झील तो कई जगह ऊंच-नीच जैसी स्थिति दिख रही है। वार्डवासियों का कहना है कि इस सड़क पर यातायात का दबाव ज्यादा रहता है, क्योंकि इसी सड़क पर स्कूल और मोक्षधाम भी है। जिससे आवाजाही निरंतर लगी रहती है।

ऐसी सड़क कब तक चलेगी, पता नहीं

सड़क निर्माण में गुणवत्ता को लेकर लोगों में आक्रोश है। भरत रावत वार्डवासी का कहना है कि सड़क निर्माण में जिस तरह से लापरवाही सामने आ रही है, उससे यहीं लगता है कि सड़क कब तक चलेगी, बता नहीं सकते है। लोगों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा अभी तक पानी का छिड़काव तक नहीं किया जा रहा था। जिससे रोजाना धूल-डस्ट घरों के अंदर तक उड़ रही थी। जब लोगों ने विरोध किया तो पानी का छिड़काव किया जाना प्रारंभ हुआ, लेकिन गुणवत्ता को लेकर कोई सुधार नहीं हो रहा है। लोगों का आरोप है कि नगरपालिका के जिम्मेदारों की अनदेखी ही इसके लिए जिम्मेदार है।

इनका कहना है

अभी सीआरएम डाला गया है। इसके ऊपर 25 सेमी की डब्ल्यूएमएम लेयर आयेगी और रोलिंग होगी। सडक् बनने के बाद तीन साल का एग्रीमेंट है। सडक् खराब होती है तो ठेकेदार की जिम्मेदारी रहेगी। सडक् की गुणवत्ता की थर्ड पार्टी आकर चेकिंग करेगी, उसके बाद ही भुगतान होगा।

सुभाष शर्मा, सब इंजीनियर, नगरपालिका आमला

नरखेड देवभीलाई के बीच कुएं में मिला तेंदुए और बंदर का शव

देर रात तक नही निकाला जा सका

मुलताई, देशबन्धु। मुलताई पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम नरखेड और देवभीलाई के बीच एक कुएं में शनिवार दोपहर एक तेंदुए और बंदर के शव के मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। बताया जा रहा है की दोपहर करीब 1 बजे ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दी थी, जिसके बाद भी देर रात तक कुए से बंदर ओर तेंदुए का शव नही निकाला गया।

इस संबध में फारेस्ट रेंजर नितिन पवार ने बताया की उन्हे 4 बजे सूचना मिली थी, जिसके बाद उन्होंने अपने स्टाफ को मौके पर भेजकर तस्दीक करवाई, उन्होंने बताया की वे चुनाव ट्रेनिंग में व्यस्त थे। देर शाम मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर वापस चले गए। हालांकि ग्रामीणों का कहना है की उन्होंने दोपहर करीब 1 बजे सूचना दे दी थी और शाम तक वन विभाग के अधिकारी नहीं आए, जिसके चलते तेंदुए और बंदर के शव को कुएं से बाहर नहीं निकाला जा सका। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग की लापरवाही बताई जा रही है। फारेस्ट रेंजर द्वारा मौके पर वन विभाग के कर्मचारियों को तैनात कर दिया है और सुबह शव निकाल कर आगे की कार्यवाही करने की बात कही जा रही है। मौके पर आ रही बदबू और ग्रामीणों ने शंका जताई है कि यह शव एक से दो दिन पुराने हो सकते है, ग्रामीणों द्वारा तेंदुए के शिकार की बात भी कही जा रही है।

भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जाएं : उइके

चिचोली, देशबन्धु। सभी कार्यकर्ता भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकारों की उपलब्धियों और भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रहीं तमाम गरीब कल्याण की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाएं। यह बात शक्ति केन्द्रों की बैठकों में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं से घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाई गई श्रीमती गंगा सज्जनसिंग उइके ने कही। उन्होंने बैठकों में मौजूद बूथों के त्रिदेव व बूथ समितियों,शक्ति केन्द्रों के पंच परमेश्वरों और शक्ति केन्द्र की टोलियों में शामिल सदस्यों से अनुरोध किया कि आप सभी मिलकर अपनें-अपने बूथों को जिताएं। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल सिंह कुशवाह, संतोष मालवीय, शंकरराव चड़ोकार, श्रीमती वर्षा मालवीय, श्रीमती वर्षा आवलेकर, संजय आवलेकर, नीतीश आवलेकर, मुकेश मालवीय, अमनसिंह कुशवाह, रितेश मालवीय, शांतिबन गोस्वामी, पुनीत राठौर, अमन आवलेकर,अमरसिंग राठौर, मुकेश मालवीय खोकरा के साथ क्षेत्रवासियों की बढ़ी संख्या में मौजूदगी रही थी।

पितृमोक्ष अमावस्या : ताप्ती सरोवर के तट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान और तर्पण

मुलताई, देशबन्धु। पुण्य सलिला सूर्य पुत्री ताप्ती के उद्गम स्थल पर स्थित पावन ताप्ती सरोवर के तट पर शनिवार को पितृ मोक्ष अमावस्या तिथि पर सैकड़ो नागरिकों ने अपने दिवंगत परिजनों की आत्म शांति और तृप्ति के लिए तर्पण और पिंडदान किया। शनिवार सुबह से ही सरोवर के तट पर तर्पण का दौर प्रारंभ हो गया था। बीते 15 दिन से ताप्ती सरोवर के तट पर प्रतिदिन निशुल्क तर्पण करा रहे लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी पंडित गणेश त्रिवेदी ने बताया शनिवार को सुबह 7रू30 बजे से तर्पण के लिए नागरिकों का पहुंचना प्रारंभ हो गया था। हालांकि पितृपक्ष के पूरे पखवाड़े में प्रतिदिन तर्पण के लिए बड़ी संख्या में नागरिकों की भीड़ उमड़ी। अमावस्या तिथि पर नागरिकों की संख्या बढ़ गई थी। जिसके चलते तीन से चार पालियों में तर्पण कराया गया। पंडित विशु महाराज सहित अन्य पंडितों के मार्गदर्शन में भी बड़ी संख्या में नागरिकों ने तर्पण किया। दोपहर 12 बजे तक तर्पण करने वाले नागरिकों की भीड़ सरोवर के तट पर बनी रही। नगर और तहसील क्षेत्र के अलावा बैतूलएछिंदवाड़ाएपांढुर्ना के साथ महाराष्ट्र से भी नागरिक तर्पण के लिए पहुंचे थे।

40 साल पूर्व लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी स्वर्गीय पंडित दुर्गा शंकर त्रिवेदी ने ताप्ती सरोवर के तट पर पितृपक्ष के दौरान प्रतिदिन निशुल्क तर्पण करने की शुरुआत की थी। उनके निधन के बाद उनके पुत्र पंडित गणेश त्रिवेदी ने पिताजी द्वारा प्रारंभ की गई परंपरा को सतत जारी रखा है। पंडित गणेश त्रिवेदी ने बताया हिंदू धर्म में पितृपक्ष में पितरों को तृप्त करने के लिए तर्पण का विशेष महत्व है ।साथ ही उन्हें पुण्य सलिला ताप्ती के तट पर तर्पण करने का पौराणिक महत्व बताया गया है। प्रतिदिन सुबह 7रू30 बजे से होने वाले निशुल्क तर्पण के दौरान सामग्री भी तट पर उपलब्ध कराई जाती है।

मुलताई के बार्डर चेक पोस्ट का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

चुनावी आचार संहिता में प्रशासन अलर्ट वाहनों की हो रही जांच

मुलताई, देशबन्धु। चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हुई है।ऐसे में मुलताई पुलिस लगातार बड़ी कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने 7 वारंटी को गिरफ्तार करने के साथ में गांजा भी पकडा है। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। विगत कई दिनों से फरार चल रहे वारंटीयो को पकड़ने में मुलताई पुलिस ने सफलता हासिल की है। बताया जा रहा है की कुल 5 वारंटी को पुलिस ने पकड़ा हैए जिनमें दो के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट एक स्थाई वारंट व गिरफ्तारी वारंट, एक स्थाई वारंट और एक के खिलाफ सजा वारंटए गिरफ्तारी वारंट और एक जमानती वारंट जारी था। पुलिस ने उन सभी को पकड़ कर कार्यवाही की है। थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की नवनीत पिता नान्हु लाल निवासी मुलताई चंदू पिता राम चरण निवासी मुलताई के खिलाफ विगत कई दिनों से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया थाए जो की फरार चल रहे थे। हेमंत पिता मारुति राव अतुलकर गायत्री नगर मुलताई के खिलाफ गिरफ्तारी और स्थाई वारंट जारी था। वहीं सचिन पिता मुन्नालाल उईके निवासी खरसाली के खिलाफ स्थाई वारंट जारी किया गया था। वही राजा पिता राधेलाल पवार निवासी सुभाष वार्ड मुलताई के खिलाफ एक सजा वारंट, दो गिरफ्तारी वारंट और एक जमानती वारंट जारी था। सभी वारंटीयो को पकड़ने में मुलताई पुलिस ने सफलता हासिल की है।

गांजे सहित युवक को किया गिरफ्तार - पुलिस ने गांजे सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि सूचना पर अवैध मादक पदार्थ गांजा आरोपी दीपक धोलपुरे पिता देवीप्रसाद धोलपुरे निवासी गांधी वार्ड मुलताई को गिरफ्तार किया गया है।

ताप्ती तट जहां महिलाएं भी करती है तर्पण एपिंडदान

आखरी दिवस दिन 6 सौ महिला पुरुषों ने किया पिंडदान

मुलताई, देशबन्धु। सृष्टि की प्रथम नदी के रूप में पूजनीय मां ताप्ती के जल की अपनी धार्मिक मान्यताएं हैं ।ताप्ती को मोक्षदायनी भी कहा जाता है यही कारण है कि पितृपक्ष के अवसर पर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण एवं पिंडदान करने दूर.दूर से लोग ताप्ती तट पहुंचते हैं। विशेष तौर से महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जिसमें महिला पुरुष सभी शामिल होते हैं ताप्ती तट पहुंचाते हैं और मान्यता अनुसार अपने पितरों को मोक्ष प्रदान करते हैं।

सामान्यत: अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पुरुष ही दर्पण एवं पिंडदान करते थे किंतु गायत्री परिवार कई वर्षों से ताप्ती तट पर महिलाओं से भी तर्पण एवं पिंडदान करता है जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं इस धार्मिक क्रिया में भाग लेती है। गायत्री परिवार से जुड़े रामदास देशमुख बताते हैं कि गायत्री परिवार महिलाओं को भी सामान धार्मिक अनुष्ठान का अधिकार देता है जिसमें से एक अपने पितरों के लिए तर्पण एवं पिंडदान भी शामिल है। आज भी बड़ी संख्या में महिलाओं ने तीन चरणों में गायत्री मंदिर परिसर में अपने पूर्वजों के आत्मा की शांति के लिए तर्पण एवं पिंडदान किया।

गायत्री परिवार के माध्यम से इस पितृ पक्ष पखवाड़े में पितृपक्ष पखवाड़े में लगातार सैकड़ो श्रद्धालु भाई बहनों ने अपने पूर्वजों के आत्म शांति एवं तृप्ति के लिए प्रतिदिन सुबह 8 से 9 तर्पण एवं 9 से 10 पिंडदान का क्रम संपन्न किया पितृ मोक्ष अमावस्या के अवसर पर आज गायत्री शक्तिपीठ में लगभग 600 भाई बहनों के द्वारा दर्पण एवं पिंडदान किया गया किया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता टी के चौधरी, रामदास देशमुख योगेश साहू, संपतराव धोटे, अनिल परिहारए रामराव साहू, अमरतलाल बारंगे, रामसिंग अडभूते, शंकर राव खाड़े, नारायण देशमुख सहित कार्यकर्ता भाई बहनें उपस्थित थे

2 दर्जन से ज्यादा युवाओं ने थामा भाजपा का दामन

बैतूल, देशबन्धु। विधानसभा क्षेत्र बैतूल और आसपास के ग्रामीण इलाके के 2 दर्जन से ज्यादा लोगों ने आज पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल के सामने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस दौरान श्री खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी एक है जो वादे किए हैं, वह निभाए गए हैं।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता लेने वालों में परमानंद गाडगें पटेल, गोकुल सरले, रेवाराम पारधी, रामपाल सरले, बलराम गोचरे, जगदीश गाडवें, हरिराम बारस्कर, नंदकिशोर सरले, नारायण पारधे, नूतन सरले, विजय गाडगें, नंदकिशोर रावत, वासुकीनंदन कापसे, रघुनंदन कापसे, शिवनंदन कापसे, शिवपाल रावत, राजाराम सरले, विनोद ठोके, धनाराम पारधे, महेश सरले,हरिराम सरले, गोपाल सरले, सुमन सरले, सुदामा सरले, सतीश गोचरे, खुशीराम सरले, चंद्रकिशोर वाघमारे, कमलेश ठोके, अनिल पंवार, गोपाल जामवार, सुनिल ठोके, संतोष सरले, अनिल सरले इत्यादि प्रमुख है।

चिखलीकला में खेत में काम कर रहे हैं युवक को सांप ने काटा

मुलताई। छिंदवाड़ा मार्ग पर स्थित ग्राम चिखली कला में खेत में काम कर रहे हैंए एक युवक को शनिवार अचानक से एक सांप ने काट लिया। जिसके चलते उसे एंबुलेंस के माध्यम से तत्काल मुलताई के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम चिखली कला निवासी रूपेश पुत्र अमर सिंह बिहारे जो कि अपने खेत में मक्के का कड़बा उठा रहा थाए तभी अचानक उसे पैर पर एक सांप ने काट लिया। सांप के काटते ही उसने तत्काल इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी और परिजनों उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां पर डॉक्टर द्वारा उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बैतूल जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। सर्पमित्र मोनू तायवाडे ने अस्पताल पहुंचकर बताया कि यह रसल वाइपर सांप की बाइट है। उन्होंने बताया कि यह रसाल वाइपर सांप विषैला होता हैए इसका असर कभी.कभी 24 घंटे बाद भी दिखाई देता है। फिलहाल रूपेश की हालत स्थिर बताई जा रही है।

नगर पालिका परिषद सारणी क्षेत्र में सार्वजनिक दुर्गा पंडालों की धूम

आज से शुरू होगा शारदीय नवरात्रि शुरू

सारनी, देशबन्धु। शारदीय नवरात्रि रविवार से नौ दिवसीय पर्व नवरात्रि के रूप में शुरू हो रहा है रविवार को घाट स्थापना होगी यह पर्व 23 अक्टूबर तक चलेगा इस साल देवी दुर्गा का वाहन हाथी है शास्त्रों की मान्यता है कि नवरात्र की जब देवी हाथी पर सवार होकर आती है तब ज्यादा बारिश की योग्य बनते हैं।

शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के दुर्गा पंडालो में रविवार को दुर्गा जी की प्रतिमा विस्थापित किए जाने को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है जिन स्थानों पर मूर्तियां पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता था ऐसे स्थान पर शनिवार ही मूर्तियां ले जाने का कार्य पूरा कर लिया गया है स्थानी पंडितों का मानना है कि 30 साल के बाद दुर्लभ सहयोग बनने जा रहा है शारदीय नवरात्रि पर बुध्दित्य योग शाशराजयोग और भद्र राजयोग का निर्माण हो सकता है इस वर्ष शारदीय नवरात्रि का आरंभ 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक रहेगा।

नवरात्र का आचार संहिता रंग कर सकता है फीका-मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व आदर्श आचार संहिता लगने की वजह से नवरात्रि का रंग ठोडा फिका पड़ सकता है, क्योंकि आदर्श आचार संहिता बिना अनुमति के कोई भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जा सकता और रात 10 बजे के बाद किसी भी तरह का साउंड सिस्टम नहीं बजेगा इसके अलावा स्थान पुलिस प्रशासन प्रत्येक सार्वजनिक दुर्गा पंडालो का निरीक्षण करके वहां की गतिविधियों पर नजर रखने का कार्य करेगी। दुर्गा पंडाल के माध्यम से बिना अनुमति के कोई भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं किया जा सकेगा। वहीं दूसरी और नवरात्रि को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। मंदिरों में रंगरोहण का कार्य पूरा कर लिया गया है नवरात्र पर्व को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। ग्रामीण नवयुवकों का जत्था एवं टोली माता बिजासन धाम एवं छावल अपने क्षेत्र में अच्छी फसल की पैदावार एवं सुख समृद्धि के लिए पदयात्रा कर रहे हैं। रानीपुर, कुही, हीरावाडी, मयावनी, छुरी, जांगड़ा, आमढाना, सहित आसपास के क्षेत्र में सारे दुर्गा मंदिर सहित अन्य मंदिरों में रंग रोहन का कार्य भी कंप्लीट हो चुका है।

सार समाचार

डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

बनखेड़ी, देशबन्धु। नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत पनागर स्थित दूधी नदी से रेत भरने जा रहे डंपर चालक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मारी है, जिसमें एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा दो अन्य गंभीर हालत में हैं। घटना पनागर स्थित नागदेव मंदिर के पास हुई की है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें महिला बता रही है कि मृतक व घायल ग्राम कुड़ारी तहसील बनखेड़ी के निवासी हैं तथा एक गंगाजली पूजन में सम्मिलित होने पोड़ार जा रहे थे। गौरतलब है कि पनागर स्थित रेत खदान का संचालन पावरमेक कंपनी द्वारा किया जा रहा है, उक्त खदान से रायल्टी लेकर डंपर रेत भरकर निकलता उसके पहले ही रास्ते में यह घटनाक्रम हुआ। मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच प्रारंभ कर दी है।

कांग्रेस की सेक्टर स्तरीय बैठक मालवीयगंज मंडलम एवं पुरानी इटारसी में हुई

इटारसी,देशबन्धु। विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर नगर कांग्रेस कमेटी इटारसी द्वारा इटारसी में सेक्टर स्तरीय बैठक मालवीयगंज मण्डलम के 3 सेक्टरों एवं पुरानी इटारसी के एक सेक्टर की बैठक अलग अलग स्थानों पर हुई। बैठकों में प्रमुख रूप से बताया गया है कि विधानसभा चुनाव में जो 80 वर्ष के ऊपर के एवं दिव्यांग मतदाता हैं, उनकी वोट घर से वेलेट वोट के रूप में डाली जाएगी, जिनके फॉर्म चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद पांच दिवस के भीतर भराए जायेंगे। आगामी चुनाव में कार्यों के लिए कार्यकर्ताओं के कार्य बंटवारे किये गए। बैठक में नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, मालवीयगंज मण्डलम अध्यक्ष देवी मालवीय, पुरानी इटारसी मण्डलम अध्यक्ष आकाश कुशराम सहित सेक्टरों के अध्यक्ष वार्डों के अध्यक्ष सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आज से शहर में 2 स्थानों पर प्रारंभ होगी श्रीरामलीला

इटारसी, देशबन्धु। नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा शारदीय नवरात्र में परम्परा अनुसार श्री रामलीला दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन 15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक शाम 7 बजे से रात 10 बजे श्रीराम लीला गांधी मैदान और वीर सावरकर दशहरा मैदान सूखा सरोवर पुरानी इटारसी में होगा। मंचन के लिए मंच तैयार किया जा रहा है। नगरपालिका से मिली जानकारी के मुताबिक गांधी मैदान में वृंदावन उत्तर प्रदेश का श्री बालकृष्ण लीला संस्थान रामलीला का मंचन करेगा। वहीं मैहर सतना का मंडल श्री जगदम्बा रामलीला मंडल वीर सावरकर दशहरा मैदान पुरानी इटारसी में मंचन करेगा।

अवैध रूप से पिस्टल व 2 जिन्दा कारतूस कब्जे से जब्त

इटारसी, देशबन्धु। सिटी पुलिस ने ओवरब्रिज के नीचे पुरानी इटारसी में खड़े एक व्यक्ति से एक पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस जब्त किये हैं। विधानसभा चुनावों के लिए पुलिस अलर्ट मोड पर है और लगातार सघन जांच की जा रही है। इसी दौरान यह आरोपी हाथ लग गया है।

पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम गुरकरण सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र तथा एसडीओपी इटारसी महेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में निरीक्षक गौरव सिंह बुन्देला थाना प्रभारी इटारसी के नेतृत्व में थाना इटारसी की टीम अवैध रूप से हथियार रखने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ओव्हर ब्रिज के नीचे पिस्टल रखे हुये किसी वारदात को अंजाम देने के लिये खड़ा है। मुखबिर सूचना तत्काल टीम बनाकर उपनिरीक्षक सुनील घावरी एवं पुलिस स्टाफ आरक्षक राजेश पवार, भिक्कू यादव पहुंचे। आरोपी संजय छातरे पिता छक्कूलाल छातरे उम्र 45 साल निवासी इन्द्रपुरा पुरानी इटारसी ओव्हर ब्रिज के नीचे शनि मंदिर रोड पर अवैध रूप से पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस लेकर खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा।

पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा तथा उसके कब्जे से इटारसी पुलिस ने पिस्टल व दो जिन्दा कारतूस जब्त कर उसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी इटारसी गौरव सिंह बुन्देला ने बताया कि विधान सभा चुनाव को दृष्टिगत रखते पुलिस लगातार आरोपियों की धरपकड़ की कार्यवाही कर रही तथा आगे भी लगातार इटारसी पुलिस टीम इस प्रकार की कार्यवाही करते रहेंगे।

15 वर्षों से फरार आरोपी को सिटी पुलिस ने गिरफ्तार किया

इटारसी, देशबन्धु। पुलिस ने मारपीट के एक मामले में विगत 15 वर्ष से फरार जीन मोहल्ला निवासी व्यक्ति को आज उसके घर से गिरफ्तार किया है। एसपी गुरुकरन सिंह के निर्देश पर न्यायालय से फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड़ एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान एवं टीआई गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में सिटी पुलिस कर रही है। ऐसे ही एक आरोपी को, जो 15 वर्षों से मारपीट के मामले में न्यायालय से फरार चल रहा था, नेहरूगंज के पीछे जीन मोहल्ले में रहने वाले रामखिलावन पिता बाबूलाल बघेल को पुलिस ने उसके घर से ही गिरफ्तार किया है।आरोपी को गिरफ्तार करने में एएसआई रमाकांत यादव, प्रधान आरक्षक हेमंत तिवारी एवं प्रधान आरक्षक भागवेन्द्र की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

हजारों की अवैध शराब के साथ तस्कर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

इटारसी, देशबन्धु सिटी पुलिस ने पीपल मोहल्ला क्षेत्र के एक खंडहरनुमा मकान से अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से करीब 20 पेटी, लगभग 65 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त की गई है।

पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरण सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र तथा नर्मदापुरम अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) इटारसी महेन्द्र सिह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी इटारसी निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में अवैध शराब विक्रय के तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये थाना इटारसी को बड़ी सफलता मिली। कार्यवाही के दौरान एक व्यक्ति से 20 पेटी मे 1000 नग देशी मदिरा प्लेन कवार्टर 180 लीटर शराब कुल किमती 65000 रुपये की अवैध शराब जब्त की है। थाना इटारसी में मुखबिर से सूचना मिली कि शेख अमीर उर्फ अम्मू पिता शेख रशीद उम्र 33 साल निवासी पीपल मोहल्ला इटारसी सेनू उर्फ सादब शाह पिता सलामत शाह निवासी पीपल मोहल्ला इटारसी उक्त दोनों व्यक्ति अवैध शराब एकत्र कर बेचने व परिवहन करने के लिये ओवर ब्रिज के नीचे एक खंडरनुमा मकान पीपल मोहल्ला इटारसी के पास है, रखते हैं। सूचना थाना प्रभारी को बताकर बाद निर्देश अनुसार अवैध शराब पकड़ने टीम गठित की गई।

टीम अवैध शराब पकड़ने थाने से रवाना हुई और मुखबिर द्वारा बताये स्थान ओवर ब्रिज के निचे एक खंडरनुमा मकान पीपल मोहल्ला इटारसी के पास पहुंचे जहां शेख अमीर उर्फ अम्मू पिता शेख रशीद उम्र 33 साल, पीपल मोहल्ला इटारसी, सेनू उर्फ शादाब शाह पिता सलामत शाह, पीपल मोहल्ला इटारसी अपने पास 20 पेटी अवैध शराब लिये रखे मिले जिन्हें हमराह स्टाप के घेराबंदी कर पकड़ा। सेनू उर्फ शादाब शाह पिता सलामत शाह पीपल मोहल्ला इटारसी मौके से फरार हो गया। शेख अमीर से अवैध 20 पेटी देशी मदिरा प्लेन शराब के क्वाटर 1000 नग किमती 65000 रूपये की, अवैध शराब जब्त की गई। आरोपी शेख अमीर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। फरार सेनू की गिरफ्तारी के लिये तलाश पतारसी जारी है।

उल्लेखनीय है कि थाना इटारसी पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ व अवैध शराब तस्करी पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुये पूर्व में भी इस प्रकार की कार्यवाही की गयी है तथा लगातार वरिष्ट अधिकारियों के आदेश के परिपालन में इस तरह की कार्यवाही की जायेगी। अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निरीक्षक गौरवसिंह बुदेला,एसआई राधेश्याम पवार, महेन्द्र उइके, श्रद्धा राजपूत, राहुल पटेल, एएसआई अनिल ठाकुर, संजय रघुवंशी, प्रधान आरक्षक भागवेन्द्र, आरक्षक हरीश डिगरसे, गजेन्द्र के साथ इटारसी आबकारी विभाग के अधिकारी आबकारी एसआई राजेश साहू, आरक्षक राजेश गौर, दुर्गेश पठारिया की अहम भूमिका रही है।

नियम उल्लघंन पर आरटीओ ने की 33 वाहनों की चालानी कार्यवाई

इटारसी, देशबन्धु। आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही आरटीओ निशा चौहान ने सभी छोटे-बड़े निजी उपयोग के वाहन एवं सभी व्यवसायिक वाहन स्वामी एवं वाहन चालकों को सख्ती के साथ ये निर्देश जारी किये हैं कि सभी वाहन के संचालक अपने-अपने वाहनों को वैध कागजात, आचार संहिता की गाइड लाइन अनुसार संचालित करें।

वाहन में अगर किसी भी राजनितिक दल से संबंधित किसी भी प्रकार के स्लोगन, फोटो, बैनर इत्यादि लगे हों तो उसे तत्काल हटा दें, अनेक वाहनों में नंबर प्लेट के साथ ही विभिन्न दलों के पदनाम की भी नेमप्लेट लगी होती है तो तत्काल हटा दें, कई वाहनों के ऊपर बिना अनुमति के सर्च लाइट एवं हूटर सायरन का उपयोग हो रहा हो तो वे सभी अपने वाहनों से तुरंत निकाल कर अलग करें अन्यथा आदर्श आचरण सहिता के उल्लंघन करते वाहनों को जब्त कर मध्यप्रदेश मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही की जाएगी। उक्त बिंदुओ पर जांच कार्यवाही में परिवहन विभाग नर्मदापुरम की जांच दल टीम ने बाबई मार्ग पर वाहनों से सर्च लाइट, हूटर, सायरन, राजनैतिक दलों के पोस्टर आदि निकलवाकर वाहन संचालकों पर कुल 33 वाहन चालक के चालान काटते हुए 22500 रुपए का जुर्माना लेकर कार्यवाही की। वाहनों की जांच कार्यवाही चुनाव प्रक्रिया के दौरान निरंतर जारी रहेगी।

शासन के आदेश के बावजूद लोकसेवा केंद्र वसूल रहे दोगुना शुल्क

गजेन्द्र सिंहपटैल,

बनखेड़ी, देशबन्धु। मध्य प्रदेश लोक सेवा प्रबंधन विभाग ने लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम में संचालित समस्त लोक सेवा केन्द्रों में प्रति आवेदन के लिए ली जा रही प्रोसेसिंग शुल्क राशि 40 रूपये को घटाकर 20 रूपये करने का आदेश दिनांक 13 सितंबर को जारी किया था जो कि 20 सितंबर से लागू होना था। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया था कि प्रोसेसिंग शुल्क 20 रूपये में से 15 रूपये लोक सेवा केन्द्र संचालक को और 5 रूपये जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी को दिए जायेंगे। शासन के उक्त आदेश के बावजूद बनखेड़ी स्थित लोकसेवा केंद्र में प्रति आवेदन फीस 40 रुपये ही वसूली जा रही है। लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत कोई भी आवेदन दर्ज करने पर कोई रसीद भी आवेदक को नहीं दी जाती। शुल्क घटने से संबंधित आदेश की प्रति भी लोकसेवा केंद्र के संचालक द्वारा लोकसेवा केंद्र पर चस्पा नहीं की गई है।

अनावश्यक दस्तावेज मांगकर आम लोगों को करते हैं परेशान

लोकसेवा केंद्र बनखेड़ी के संचालक और ऑपरेटर नियमानुसार मांगे जाने वाले दस्तावेजों के अलावा भी अन्य दस्तावेजों की मांग करते हैं जिस कारण आम नागरिक अनावश्यक रूप से परेशान होते हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा जारी मैनुअल जाति प्रमाण पत्र को डिजिटल कराने में नियमानुसार मूल जाति प्रमाणपत्र के साथ आधार कार्ड, समग्र आईडी के अलावा अन्य कोई दस्तावेज लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा नियमानुसार नहीं मांगा जाता किंतु बनखेड़ी लोकसेवा केंद्र में नवीन जाति प्रमाणपत्र के समान ही संपूर्ण दस्तावेजों की मांग की जाती है, जिससे आवेदक परेशान होते हैं। इसी प्रकार विवाह पंजीयन हेतु भी अनेक अनावश्यक दस्तावेजों की सूची केंद्र पर चस्पा की गई है। काउंटर पर मौजूद ऑपरेटर द्वारा आवेदकों से अभद्र व्यवहार किया जाता है जिस कारण कई लोग यहां जाने से कतराते हैं।

इनका कहना है-

भूलवश 20 की जगह 40 रुपये ले लिये थे अब नियमानुसार ही शुल्क वसूला जायेगा।

– **दिनेश बाथरे,** संचालक लोकसेवा केंद्र बनखेड़ी।

इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है, अगर शिकायत प्राप्त होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी, शासन द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि नहीं वसूली जा सकती।

– **आनन्द झेरवार**, जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र नर्मदापुरम

इटारसी होकर चलेगी लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर- के मध्य साप्ताहिक स्पेशल

इटारसी, देशबन्धु। रेलवे आगामी पर्वों के दौरान पूजा स्पेशल ट्रेन चलाएगा। दीवाली एवं छठ पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 01043/01044 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर- लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 07-07 ट्रिप चलायी जाएगी, जो खंडवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी।गाड़ी संख्या 01043 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर सुपरफ़ास्ट स्पेशल ट्रेन 19 अक्टूबर 2023 से 30 नवंबर 2023 तक प्रत्येक गुरुवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12:15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी स्टेशन से 00:30 बजे, पिपरिया स्टेशन से 01:42 बजे, जबलपुर स्टेशन से 04:40 बजे, कटनी स्टेशन से 07:05 बजे, मैहर स्टेशन से 07:44 बजे, सतना स्टेशन से 08:30 बजे, प्रयागराज छिवकी से 11:47 बजे प्रस्थान कर, 21:15 बजे समस्तीपुर पहुंचेगी । इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 20 अक्टूबर 2023 से 01 दिसंबर 2023 तक प्रत्येक शुक्रवार को समस्तीपुर स्टेशन से 23:30 बजे प्रारंभ होकर, अगले दिन प्रयागराज छिवकी से 08:05 बजे, सतना से 12:15 बजे, मैहर से 12:50 बजे, कटनी से 13:45 बजे, जबलपुर से 15:35 बजे, पिपरिया से 18:00 बजे, इटारसी से 20.05 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन भुसावल से 00:40 बजे प्रस्थान कर, 07:40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुंचेगी।

कोच कॉम्पोजिशन: इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 07 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 10 वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी, एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 20 कोच हैं।

गाड़ी के ठहराव: यह गाड़ी दोनों तरफ कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी , पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर एवं मुजफ्फरपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

मानस लीग चैंपियनशिप के पुरस्कार वितरण आज पत्रकार भवन में

इटारसी, देशबन्धु। मानस लीग चैंपियनशिप प्रतियोगिता जो श्री रामचरितमानस के आधार पर दी जाती है। ऋषिकुल संस्कृत विद्यालय नर्मदापुरम के द्वारा यह प्रतियोगिता जिले में प्रति वर्ष आयोजित की जाती है। इस वर्ष अधिक प्रतियोगियों के भाग लेने के कारण प्रतियोगिता के साक्षात्कार नर्मदा पुरम के अलावा इटारसी में भी हुए एवं पुरस्कार वितरण भी दोनों स्थानों पर रविवार को होगा।

श्री प्रेम शंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में रविवार को प्रात: 11 बजे चुनाव आचार संहिता के तहत स्वीकृति मिलने के उपरांत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पं. मधुकर शास्त्री, प्रोफेसर ज्ञानेंद्र पांडे एवं पं. मनमोहन शास्त्री अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार दो प्रतियोगियों को दिया जा रहा है, जिन्हें पांच-पांच हजार रुपये की राशि प्रमाण पत्र एवं रामचरितमानस पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार दो प्रतियोगियों को पृथक-पृथक 2500- 2500 रुपए के दिए जाएंगे। तृतीय स्तर के 6 पुरस्कार पृथक प्रक्रिया से दिए जाएंगे। प्रत्येक पुरस्कार में एक हजार रुपये की राशि प्रमाण पत्र एवं रामचरितमानस दी जाएगी। प्रावीण्य सूची में आने वाले 60 से अधिक छात्राओं को 200 रुपए का नगद पुरस्कार रामचरितमानस एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। जिन स्कूलों और कॉलेज के छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया उनके प्राचार्यों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा साक्षात्कार लेने वाले सुश्री मंजू ठाकुर, रोहित नागे, अरविंद शर्मा, राहुल शरण, भूपेंद्र विश्वकर्मा को भी सम्मानित किया जाएगा।

किशोर कुमार की पुण्यतिथि पर निनाद सिंगर्स का अलबेले अंदाज में अनूठा आयोजन

इटारसी, देशबन्धु। कवि भवानी प्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में संगीत संस्था निनाद सिंगर्स ने अलबेले किशोर नाम से संगीतमयी शाम सजायी। अवसर था, गायक किशोर कुमार के पुण्य स्मरण दिवस का। शहर की नामचीन हस्तियों के बीच निनाद के सिंगर्स ने कई बेहतरीन नगमे गुनगुनाये और जमकर तालियां बटोरीं।

करीब ढाई घंटे अनवरत चले आयोजन में निनाद सिंगर्स ने कई सफल और अनूठे प्रयोग किये। जैसे किशोर कुमार का गीत डाकिया डाक लाया लेकर आये निनाद के अध्यक्ष आलोक गिरोटिया डाकिया की वेशभूषा में मंच पर आये और परफार्म किया। अजय राज ने काहे पैसे पे इतना गुरुर करे है, गीत में अमिताभ बच्चन जैसी पोशाक पहनी थी। ऐसे ही कई प्रयोगों ने कार्यक्रम को न केवल अनूठा बनाया बल्कि श्रोताओं को अंतिम गीत तक बांधे रखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक ब्राह्मण समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र ओझा व रमेश के साहू सहित निनाद के सदस्यों द्वारा किशोर दा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मंच पर सभी निनाद सिंगर्स के परिचय के बाद गीतों का पहला अलबेला राउंड प्रारंभ हुआ जिसमें सिंगर्स ने गायन के साथ उस कॉस्ट्यूम को धारण किया जिसे फिल्म में कलाकार ने पहना था। इस अंदाज़ को दर्शकों ने खूब सराहा।

कार्यक्रम में अमिताभ बैस, शशांक बैसाखिया, प्रदीप बैस, अनिल शुक्ला, अजय राज, विशाल पांडे, भारत भूषण गांधी, चंद्रेश मालवीय, संजय दीवान, पंकज गुप्ता, दीपक सोनी, श्वेता पगारे ने गीतों की प्रस्तुति दी। विशेष रूप से विशेष परिधान में गाये गये गीत डाकिया डाक लाया,आलोक गिरोटिया, काहे पैसे पे इतना-अजय राज, हाल क्या है दिलों का संजय दीवान, प्यार के इस खेल में चंदेश मालवीय, ये जवानी-विशाल पांडे, साला में तो साहब-भारतभूषण गांधी को सराहा गया।

कार्यक्रम में डॉ. अतुल सेठा, रोटरी अध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, लायंस क्लब फ्रेण्डस के अध्यक्ष नारायण चौरसिया, मीडिया से शैलेष जैन, रोहित नागे, मनोज कुण्डु, कृष्णा राजपूत ने शहर के गौरव अभिनेता राहुल चेलानी को रशोकि रमाकु सम्मान से नवाजा। साथ ही शहर के विभिन्न कराओके ग्रुप संचालकों, इटारसी सांस्कृतिक मंच व उड़ान श्री वेल्फेयर सोसायटी को भी ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। संचालन अनिल झा ने किया।

मतदान कर्मियों को ईवीएम, वीवीपेट का सम्पूर्ण प्रशिक्षण दें

सख्ती के साथ कराएं आदर्श आचार संहिता का पालन

सागर संभाग में 7 हजार से ज्यादा मतदान केंद्रों पर 60 लाख से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

भोपाल, देशबन्धु। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने सागर संभाग में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। निवाड़ी जिले के ओरछा में हुई समीक्षा बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया में ई-चालान का उपयोग कराएं, मतदान कर्मियों को ईवीएम, वीवीपेट का अधिक से अधिक प्रशिक्षण दिलाया जाए, निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सख्ती के साथ आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक चुनाव के लिए सुरक्षा के दो प्लान तैयार करें। डाक मतदान वाले पात्र व्यक्तियों को डाक मतदान करने की जानकारी समय सीमा में प्रदान की जाए, मतदाता सूची में डुप्लीकेशन न हो।

बैठक में बताया गया कि सागर संभाग में 7 हजार से ज्यादा मतदान केंद्रों पर 60 लाख से अधिक मतदाता मतदान करेंगे। मृत लोगों के नाम सूची में न रहें, इस बात का विशेष ध्यान रखें। जिन मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए हों, उनके ईपिक कार्ड वितरित किए जाएं। सभी रिटर्निंग आफिसर अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर लें और मतदान केंद्रों पर सभी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। निर्देशित किया गया कि जिन मतदान केंद्रों में 15 सौ से अधिक मतदाता हैं, ऐसे मतदान केंद्रों को मतदाता की सुविधा के लिए दो भागों में बांटा जाए। नया मतदान केंद्र उसी परिसर में या निकटवर्ती भवन में बनाया जाए।

श्री राजन ने निर्देश दिए कि तत्काल अन्तर्राज्यीय एवं अंतर जिला नाका स्थापित करें। चुनाव कार्य में लगने वाले कर्मचारियों, 80 वर्ष से अधिक की आयु के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों एवं कोविड से अत्यधिक पीड़ित रहे व्यक्तियों के लिए बैलेट की तैयारी अच्छी तरह से की जाए। उन्होंने कहा कि बीएलओ को पता होना चाहिए कि किन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाना है।

बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राकेश सिंह, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस महानिरीक्षक, कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा मध्यप्रदेश तथा राज्य पुलिस नोडल अधिकारी अनुराग सहित संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी सुनील कुमार जैन मौजूद थे। इस दौरान सभी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों द्वारा अपने-अपने जिले में निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी गई।

सोशल मीडिया पर रखें पैनी नजर

सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाए, जिससे कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिक पोस्ट या रि-पोस्ट कर माहौल बिगाड़ने का काम न कर सके। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर प्रतिबंधात्मक और जिला बदर की कार्यवाही की जाये। चुनाव को प्रभावित करने वाली सामग्री की रोकथाम के लिए जिले और राज्य की सीमाओं में नाका स्थापित कर वाहनों की सख्ती से जांच की जाये। मदिरा के अवैध निर्माण और परिवहन पर सख्त कार्यवाही की जाये। फ्लाइंग स्कॉड और एसएसटी द्वारा मुस्तैदी से काम किया जाये।

संवेदनशील क्षेत्रों में हो सुरक्षा के इंतजाम

चुनाव संबंधी शिकायतों के लिए बनाए गये सी-विजिल मोबाइल एप का व्यापक प्रचार किया जाए। संवेदनशील क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सुरक्षा के इंतजाम करने के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिये गए। श्री राजन ने सागर जिले में चांदी एवं धनराशि जब्ती की कार्रवाई की सराहना की और कहा कि सभी जिले इस तरह की कार्रवाई करें। इसी प्रकार सागर के स्वीप प्लान के तहत की जा रही गतिविधियों की भी उन्होंने सराहना की। सागर कलेक्टर दीपक आर्य द्वारा स्वीप की गतिविधियों का एक वीडियो इस मौके पर प्रदर्शित किया गया।

दिग्विजय ने लगाए आरोप

गैर कानूनी निर्देशों को न मानने वाले अधिकारियों की रिपोर्ट की जा रही खराब

भोपाल, देशबन्धु। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि प्रदेश में जो युवा प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भाजपा के गैरकानूनी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे, उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट पर नकारात्मक मूल्यांकन करके उनका भविष्य खराब किया जा रहा है।

श्री सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, कई ऐसे युवा पुलिस और प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं, जिनके अपने वरिष्ठ अधिकारियों और भाजपा के नेताओं के गैरकानूनी निर्देशों का पालन करने से इंकार करने पर उनकी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में नकारात्मक मूल्यांकन किया जा रहा है, इससे उनका न केवल रिकॉर्ड खराब होगा, बल्कि उनका भविष्य भी खतरे में आएगा।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार आने के बाद ऐसे मामलों को देखा जाएगा और सुधार की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर प्रदेश में ऐसा माहौल बनाया जाएगा जहां अधिकारी निडर होकर अपना काम कर सकें।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने सत्तारूढ़ दल को घेरा, कहा-

भाजपा नेता मर्यादाओं को ताक में रख कर रहे बयानबाजी

भोपाल, देशबन्धु। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सपरा ने सत्तारूढ़ भाजपा को घेरा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हताश और निराश हैं। मध्यप्रदेश में उसके नेता अपने राजनैतिक अस्तित्व को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जिसके चलते वह राजनैतिक मर्यादाओं को ताक पर रखकर ऊल-जुलूल बयानबाजी तक पर उतर आए हैं।

श्री सपरा आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से चर्चा कर रहे थे। गांधी परिवार पर टिप्पणी को लेकर मुख्यमंत्री शिवराज चौहान की टिप्पणी पर उन्होंने कहा कि वह यह भूल गए कि गांधी परिवार ने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति की है, इसके लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहूति भी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश के लिए अपने खून का एक-एक कतरा समर्पित कर दिया, राजीव जी ने आतंकवाद से लड़ते हुए शहादत दे दी। श्री सपरा ने कहा कि वह लोग शहादत का मतलब कभी नहीं समझ सकते जिन्होंने कभी देश के लिए ऊंगली भी नहीं कटाई हो। उन्होंने प्रदेश में भाजपा के शासन की तुलना जंगलराज से की और कहा कि पिछले एक साल में प्रदेश के 26 जिलों में बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले में अपराध बढ़े हैं। विशेष रूप से भोपाल में 9.4 प्रतिशत और इंदौर में 33 प्रतिशत बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले बढ़े हैं। न्याय के मामले को अगर देखा जाए तो सिर्फ 35 से 40 प्रतिशत मामलों में न्याय मिल पाया है। श्री सपरा ने बताया कि पिछले 8 महीनों में न्यायालय में दुष्कर्म और पास्कों के मामलों में 66 अपराधियों को सजा सुनाई गई है और 92 आरोपियों को अलग कारणों से बरी कर दिया गया है।

लहार के कांग्रेस नेता डॉ. तिवारी भाजपा में शामिल

भोपाल, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के समक्ष शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भिंड जिले की लहार विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. विनोद तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी ने पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर डॉ. तिवारी का स्वागत किया।

भिंड जिले के लहार विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले डॉ. विनोद तिवारी वर्ष 1978 से कांग्रेस पार्टी के सक्रिय सदस्य रहे हैं। वे कांग्रेस सेवादल में विभिन्न पदों पर रहने के साथ ही कांग्रेस जिला भिंड के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष भी रहे हैं। वर्तमान में मातृभूमि सेवा मिशन के प्रदेश अध्यक्ष है।

कर्नाटक में कांग्रेस के नेताओं के यहां आयकर के छापे पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा -

सत्ता में आने पर राज्य को आलाकमान के लिए एटीएम बना देती है कांग्रेस

भोपाल, देशबन्धु। भाजपा के अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज आरोप लगाया कि कांग्रेस अगर किसी भी प्रदेश में गलती से भी सत्ता में आ जाती है, तो उस राज्य को अपने आलाकमान के लिए एटीएम बना देती है।

श्री शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए पिछले दिनों कर्नाटक में कांग्रेस के एक नेता के परिसरों पर आयकर विभाग के छापों के संदर्भ में कही। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेताओं के यहां बरामद का उपयोग कांग्रेस 4 प्रदेशों में चुनाव में करने वाली थी। उन्होंने कहा कि जिस अंबिकापति के यहां छापे पड़े हैं, ये वही व्यक्ति है, जिसने कर्नाटक में तत्कालीन भाजपा सरकार पर 40 फीसदी कमीशन का झूठा आरोप लगाया था। उसी के घर से यह पैसा बरामद हुआ है। इससे पता चल गया है कि कौन कमीशनखोर है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सत्ता में आती है तो एक परिवार के इशारे पर उस राज्य का दोहन करती रहती है। 15 महीने की मध्यप्रदेश की कमलनाथ सरकार में राज्य को भी भ्रष्टाचार का एटीएम बना दिया गया था। कांग्रेस गरीबों की कमाई लूट कर आलाकमान के दरबार में पहुंचाती है। तत्कालीन कमलनाथ सरकार में 281 करोड़ रुपए की राशि कमलनाथ के दो सहायकों के यहां पकड़ी गई और वो पैसा ऊपर तक गया। अब ऐसी ही लूट दिल्ली में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर कांग्रेस कर्नाटक में कर रही है।

उन्होंने अन्य कांग्रेस सरकारों पर भी निशाना साधा और कहा कि झारखंड में भी कांग्रेस के समर्थन से चल रही सरकार में मुख्यमंत्री तक पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। छत्तीसगढ़ में भी लगातार घोटाले हो रहे हैं और राजस्थान में लाल डायरी के नाम से स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत घबरा रहे हैं।

गांदरबल में गहरी खाई में गिरा ट्रक, 2 की मौत

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में जोजिला दर्रे पर शनिवार को एक ट्रक गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि कारगिल से सोनमर्ग जा रहा एक ट्रक जोजिला दर्रे पर मंदिर मोड के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और बचाव दल ने उनके शव बरामद कर लिए। अधिकारियों ने कहा, पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है।

कांग्रेस ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी : श्रीमती सर्वटे

भोपाल, देशबन्धु। आदिवासियों के हक की बात करने और उन्हें अधिकार व सम्मान दिलाने वाली पार्टी कांग्रेस ही है। इसलिए आदिवासी समाज के सम्मान और विकास के लिए कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए जुट जाना है। यह बात मप्र आदिवासी कांग्रेस महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती चंद्रा सर्वटे ने संगठन की महिला कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कही।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संगठन की बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी आदिवासी बहुल जिलों में पहुंचकर आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान कराने के लिए आदिवासी महिलाओं को प्रेरित करें, उन्हें प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर दी जाने वाली सुविधाओं और योजनाओं के बारे में भी बताएं।

बैठक में चर्चा के बाद यह तय किया गया कि महिला विंग की समस्त पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष और प्रदेश भर की कार्यकर्ता बहनें प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में आदिवासी वर्ग की महिलाओं को वर्तमान सरकार की विफलाओं के बारे में बताएंगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी राजीव सिंह, प्रकाश जैन, समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी जे.पी. धनोपिया, विधायक हीरालाल अलावा, सैयद साजिद अली, प्रकाश सिंह ठाकुर सहित मध्यप्रदेश कांग्रेस आदिवासी महिला विंग की आशा धुर्वे, सविता धुर्वे, बसंती मेहता, नागेश्वरी सिंह सहित प्रदेश भर की पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ एक संयुक्त अभियान में दो आतंकियों की गिरफ्तारी के साथ लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। आतंकी मॉड्यूल को लश्कर-ए-तैयबा का सक्रिय सदस्य फिरदौस अहमद भट्ट संभाल रहा है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान जम्मू-कश्मीर के उजैर उल हक और राज मोहम्मद अंदलीब के रूप में की गई है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो आईईडी, दो हथगोले, एक 30 बोर पिस्तौल के साथ दो मैगजीन, 24 कारतूस, आठ डेटोनेटर, एक टाइमर स्विच और चार बैटरी भी बरामद की है।

तेलंगाना में छात्रा की आत्महत्या पर बोले राहुल

ये आत्महत्या नहीं, युवाओं के सपनों की हत्या



नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक युवती के आत्महत्या करने को लेकर तेलंगाना सरकार और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पर जमकर निशाना साधा। राहुल ने X पर पोस्ट करते हुए लिखा कि ये आत्महत्या नहीं, युवाओं के सपनों की, उनकी उम्मीदों की हत्या है। बीते 10 सालों में बीजेपी रिश्तेदार समिति यानी बीआरएस और भाजपा ने मिलकर अपनी नाकामी से राज्य को तबाह कर दिया।

राहुल गांधी ने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनते ही सरकार जॉब कैलेंडर जारी करेगी। एक महीने में यूपीएससी की तर्ज पर टीएसपीएससी का पुनर्गठन करेगी और एक साल के भीतर 2 लाख सरकारी पदों को भरेगी। ये कांग्रेस पार्टी की गारंटी है।

तेलंगाना में जॉब कैलेंडर जारी करेगी कांग्रेस

परीक्षा रद्द होने से परेशान थी छात्रा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेलंगाना में बार-बार सरकारी परीक्षा के रद्द होने से परेशान 23 साल की एक छात्रा ने हैदराबाद में कथित रूप से आत्महत्या कर ली। इसके बाद छात्रों ने नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। गुस्साए छात्रों ने मृतक प्रवालिका के शव के पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल नहीं ले जाने दिया। इसके बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया और छात्रा के शव को अस्पताल भेजा।

बीआरएस सरकार ने युवा निराश

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे छात्रा की आत्महत्या पर नाराजगी और खेद जाहिर किया। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि तेलंगाना में 23 साल की छात्रा के आत्महत्या से दुखी और स्तब्ध हूं। जिसने कथित तौर पर राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षा के बार-बार स्थगित होने के कारण अपना जीवन समाप्त कर लिया। बीआरएस सरकार की उदासीनता के कारण तेलंगाना में हजारों युवा अभ्यर्थी निराश और नाराज हैं।

कांग्रेस का आरोप

अग्निवीर को सैन्य सम्मान के साथ नहीं विदाई

अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में बतौर अग्निवीर भर्ती हुए पंजाब के रहने वाले अमृतपाल सिंह, 11 अक्तूबर को जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के निकट शहीद हो गए थे। कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि उनके पार्थिव शरीर को भी आर्मी वाहन के बजाए प्राइवेट एंबुलेंस से लाया गया है। ये देश के शहीदों का अपमान है। देश के लिए शहीद होने वाले अमृतपाल सिंह को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई भी नहीं दी गई। वहीं इन आरोपों को लेकर सेना ने स्पष्टीकरण जारी किया है।

गुजरात में चोरी के आरोप में 2 प्रवासी मजदूरों की हत्या

राजकोट, एजेंसी। राजकोट के थोराला इलाके में चांदी और नकली आभूषण निर्माण इकाई के मालिक और कर्मचारियों कथित तौर पर दो प्रवासी मजदूरों की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान पश्चिम बंगाल के निवासी राहुल शेख (25) और मीनू शेख (26) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घटना 12 अक्टूबर को हुई और जांच अभी भी जारी है। चांदी की चोरी के संदेह में राहुल और मीनू को फैक्ट्री की ऊपरी मंजिल पर बुलाया गया, जहां उन्हें कथित तौर पर लकड़ी और प्लास्टिक के डंडों से पीटा गया। बेहोश होने के बाद उन्हें सुरक्षा गार्ड के कमरे में बंद कर दिया गया।

आरोपी लोगों के मुताबिक, राहुल को सात महीने पहले चांदी चोरी के संदेह में फैक्ट्री से नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया था। हालांकि, घटना से ठीक दस दिन पहले उन्हें दोबारा काम पर रखा गया था। जब चांदी के स्टॉक में विसंगतियों का पता चला तो उनसे पूछताछ की गई और बाद में उन पर हमला किया गया। अधिकारियों ने पूछताछ के लिए सात लोगों को हिरासत में लिया है। जिनमें फैक्ट्री के मालिक सागर सावलिया, प्रबंधक विपुल मोलिया और फैक्ट्री कर्मचारी हिमालय और धवल शामिल हैं। इसके अलावा, प्रवासी मजदूरों को लाने के लिए जिम्मेदार दो ठेकेदार तन्मय और प्रदीप के साथ-साथ फैक्ट्री के सुरक्षा गार्ड पुष्पेंद्र को भी हिरासत में ले लिया गया है। अपराध तब सामने आया जब 108 एम्बुलेंस सेवा को शुक्रवार सुबह एक कॉल मिली, जिसमें उन्हें दो बेहोश मजदूरों के बारे में सूचित किया गया। जांच करने पर, मेडिकल टीम ने पाया कि राहुल और मीनू पहले ही मर चुके थे और पैरामेडिक्स ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पीड़ितों की प्रारंभिक जांच में उनके शरीर पर चोटों के निशान पाए गए, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मामले की पूर्ण पैमाने पर जांच शुरू करने के लिए प्रेरित किया गया। शुरुआती पूछताछ से संकेत मिला है कि एमबीएस ऑर्नामेंट्स के स्टॉक में 3 किलोग्राम चांदी कम हो गई। फैक्ट्री प्रबंधक और सुरक्षा गार्ड ने मजदूरों पर कड़ी निगरानी रखनी शुरू कर दी।

विधि आयोग की रिपोर्ट तैयार

लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ कराने की सिफारिश

• विंध्यवासिनी त्रिपाठी

नई दिल्ली, देशबन्धु। विधि आयोग ने एक देश चुनाव, एक चुनाव के मुद्दे पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर ली है। इसमें लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराए जाने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट इसी माह के आखिर तक केंद्र सरकार को सौप दी जाएगी। विधि आयोग द्वारा की गई सिफारिश में कहा गया है कि परिसीमन के बाद 2029 में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराएं जाएं। साथ ही यह भी कहा गया है कि चरणबद्ध ढंग से एक देश एक चुनाव को 10 साल में फैलाने से कोई लाभ नहीं होगा। इसलिए एक झटके में सभी चुनावों को एक साथ करवाना बेहतर विकल्प है। लिहाजा, चुनाव की यह प्रक्रिया तकरीबन 4 से 6 माह तक चल सकती है। इसके साथ ही ऐसा करने से अधिक से अधिक विधानसभाएं एक साथ चुनाव के दायरे में आ जाएंगी।

इसी माह के आखिर तक केंद्र सरकार को सौप दी जाएगी रिपोर्ट

राज्यों से सहमति लेना कोई जरूरी नहीं

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, विधि आयोग का यह भी मानना है कि एक देश एक चुनाव के लिए राज्यों से सहमति लेना कोई जरूरी नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 368 की धारा 2 के आधार पर आयोग ने यह निष्कर्ष निकाला है। बतादें कि आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी पूरी करने के बाद एक देश एक चुनाव के रास्ते पर आगे बढा जाना चाहिए। इससे लोकसभा और विधानसभा की सीटों का सही-सही पता चल जाएगा और चुनाव आयोग के लिए जरूरी लॉजिस्टिक हेतु फैसले भी लिए जा सकेंगे। इसके अलावा आयोग ने चुनाव के दौरान पर्याप्त सुरक्षा को लेकर भी गौर किया है। तमाम सुरक्षा एजेंसियों से मिले फीडबैक के बाद कहा गया हैकि अगर चुनाव 3 से 6 महीने के तक फैलाए जाएंगे तो सुरक्षाकर्मियो को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक पहुचने में कोई असुविधा नहीं होगी।

विधायक अयोग्यता मामला

सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अध्ययन करेंगे: नार्वेकर

कानूनी सलाह लेकर करेंगे कार्रवाई

मुंबई, एजेंसी। सत्तारूढ़ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी पर महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि वह आदेश की प्रति का अध्ययन करेंगे और कानूनी सलाह लेने के बाद उसके अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे। नार्वेकर ने कहा, 'मुझे उच्चतम न्यायालय के आदेश की प्रति मिली है। आदेश की प्रति का अध्ययन करने और कानूनी सलाह लेने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।' सर्वोच्च न्यायालय की ओर से अयोग्यता के मामले पर फैसले की समय सीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, अदालत ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है। उसके द्वारा केवल नोटिस संबंधी मुद्दे दिए गए हैं। इसमें समय सीमा के बारे में कहीं नहीं लिखा है।

सुनवाई में देरी पर विपक्ष हमलावर

महाराष्ट्र के विपक्षी दलों एनसीपी, शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर पर निशाना साधा। विपक्षी नेताओं ने शिवसेना एवं एनसीपी के बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं पर निर्णय में जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें इस मामले पर एक समय-सीमा के भीतर फैसला करना चाहिए।

कमजोर मानसून के कारण कृषि क्षेत्र हुआ बुरी तरह प्रभावित

खेतों में खड़ी फसले हुईं काफी प्रभावित, जलाशयों का गिरा स्तर

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के कृषि क्षेत्र को दक्षिण-पश्चिम मानसून से काफी नुकसान हुआ है। खड़ी फसले इससे काफी प्रभावित हुई हैं, साथ ही इस साल दलहन और तिलहन जैसी प्रमुख फसलों के तहत बोए गए क्षेत्र में भी कमी आई है।

देश का आधे से अधिक कृषि क्षेत्र फसल उगाने के लिए बारिश पर निर्भर करता है इससे आगे और अधिक परेशानी हो सकती है क्योंकि अंतर को भरने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए अब महंगे आयात का सहारा लेना पड़ सकता है। कम बारिश के कारण दालों की खेती का रकबा करीब 9 फीसदी कम हो गया है, जबकि सूरजमुखी का रकबा 65 फीसदी तक गिर गया है। उड़द, मूंग और अरहर जैसी दालों का रकबा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 5.41 लाख हेक्टेयर कम हो गया है। इसी तरह तिलहन का रकबा 3.16 लाख हेक्टेयर कम हो गया है। इस साल राज्यों में लगभग 8.68 लाख हेक्टेयर फसल क्षेत्र बाढ़ या भारी वर्षा से प्रभावित होने की सूचना है। खरीफ फसलों की कटाई शुरू हो गई है और आने वाले हफ्तों में कुल उत्पादन में नुकसान की सीमा स्पष्ट हो जाएगी।

जून में मानसून देरी से शुरू हुआ, जिसके बाद जुलाई में अधिक बारिश हुई, उसके बाद अगस्त में कमी हुई और फिर सितम्बर में पंजाब और हरियाणा जैसे देश के कुछ हिस्सों में फिर से अधिक बारिश हुई, जिससे खड़ी फसल पर असर पड़ा। इसके चलते सब्जियों, खासकर टमाटर और प्याज की कीमतों में भारी वृद्धि हुई, जिससे मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई और घरेलू बजट बढ़ गया। किसानों की आय में गिरावट का उद्योग पर भी व्यापक प्रभाव पड़ा, क्योंकि महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों द्वारा बेचे जाने वाले ट्रैक्टरों और हीरो मोटोकॉर्प और बजाज जैसी ऑटो प्रमुखों द्वारा विपणन किए जाने वाले दोपहिया वाहनों की मांग में कमी आई है, जो हाल के महीनों में मासिक बिक्री संख्या में गिरावट से परिलक्षित होता है। खरीदे जाने वाले ट्रैक्टरों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। सरकार के वाहन पोर्टल में संकलित आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2023 में फार्म ट्रैक्टरों के केवल 49,007 पंजीकरण हुए, जो अगस्त में 68,431 और जुलाई में 84,473 थे। चावल, गेहूं, दालों और मसालों की बढ़ती कीमतें चिंता का कारण बनकर उभरी हैं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।